आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹121097/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹147900/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹161447/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

रायपुर स्टेडियम का रेनोवेशन इसलिए बेंगलुरु से आगाज

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026



## होम ग्राउंड में दर्शकों और खिलाड़ियों की सुविधाएं होंगी अपग्रेड

*रायपुर का शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का होम ग्राउंड बन चुका है। 11 साल बाद रायपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन होने जा रहा है, जिसे देखते हुए स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधाओं को बड़े स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, खिलाड़ियों के पवेलियन को दिल्ली और मुंबई के स्टेडियम्स की तर्ज पर और अधिक लग्जरी बनाया जाएगा। वीआईपी और प्लैटिनम स्टैंड के पुराने ग्लास भी बदले जाएंगे। आरसीबी मैनेजमेंट महंगे टिकट खरीदने वाले दर्शकों के लिए प्रीमियम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेगा।इसके अलावा, इस बार सुरक्षा और एंट्री व्यवस्था को पहले से ज्यादा हाईटेक किया जा रहा है। दर्शकों को स्कैनर मशीन के जरिए टिकट स्कैन होने के बाद ही स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि आरसीबी की मैनेजमेंट टीम जल्द ही रायपुर का दौरा करेगी, जिसके बाद स्टेडियम की व्यवस्थाओं और अन्य बदलावों पर विस्तार से चर्चा कर अंतिम मुहर लगाई जाएगी।*

# बजा आईपीएल का बिगुल, 20 मैचों का शेड्यूल जारी बेंगलुरु से आगाज, रायपुर में मैच मई में संभव

**आरसीबी की मैनेजमेंट टीम जल्द ही करेगी रायपुर का दौरा, स्टेडियम की व्यवस्थाओं और अन्य बदलावों पर लगेगी अंतिम मुहर**

*हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर*

खास खबर

*टी20 विश्व कप के रोमांच के बाद अब क्रिकेट प्रेमियों के पसंदीदा टूर्नामेंट आईपीएल 2026 का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। बीसीसीआई ने आईपीएल का शुरुआती शेड्यूल जारी कर दिया है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। बीते कुछ दिनों से रायपुर में ओपनिंग सेरेमनी होने की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अब यह साफ हो गया है कि रायपुर में मैच अप्रैल के बजाय मई में खेले जाएंगे। कहा जा रहा है कि रायपुर स्टेडियम का रेनोवेशन चल रहा है, इसलिए आईपीएल का आगाज बेंगलुरु से किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने पुष्टि की है कि रायपुर को मैचों के लिए मई की तारीखें मिली हैं। बीसीसीआई ने फिलहाल आईपीएल* ▶▶। शेष पेज 7 पर



### 16 दिन में 4 डबल हेडर होंगे

शेड्यूल के अनुसार पहले फेज में 16 दिन में 20 मैच खेले जाएंगे। इनमें 4 डबल हेडर शामिल हैं। 5 बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 29 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में अपना पहला मैच खेलेगी। बेंगलुरु की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु डिफेंडिंग चैंपियन है, इसलिए परंपरा के अनुसार टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच, क्वालिफायर-2 और ▶▶। शेष पेज 7 पर

ऐतिहासिक फैसला : 12 साल से कोमा में 32 वर्षीय हर्ष

# देश में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने दी 'इच्छा मृत्यु' की इजाजत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु (पैसिव युथनेसिया) की पहली बार स्वीकृति देते हुए 32 वर्षीय उस व्यक्ति की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की बुधवार को अनुमति दे दी जो 12 साल से अधिक समय से कोमा में है। देश में इस तरह का यह पहला मामला है।

निष्क्रिय इच्छामृत्यु का अर्थ है कि नाजुक स्थिति वाले किसी मरीज को जीवित रखने वाली चिकित्सा सहायता को रोकने या जीवन रक्षक प्रणाली को हटाने की अनुमति देना ताकि उसकी स्वाभाविक रूप से मौत हो सके। गाजियाबाद निवासी हर्ष राणा 2013 में एक इमारत की चौथी मंजिल से गिरने के कारण सिर में चोट लगने से घायल हो गया था और वह एक दशक से अधिक समय से कोमा में है। वह पंजाब विश्वविद्यालय का छात्र था।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार एक ▶▶। शेष पेज 7 पर



### कैसे दी जाएगी इच्छामृत्यु

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने एम्स को निर्देश दिया कि हरीश के लाइफ सपोर्ट सिस्टम को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाए। यह प्रोसेस इस तरह से की जानी चाहिए कि मरीज की गरिमा बनी रहे। पैसिव यूथेनेशिया का मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।

### मरीज के ठीक होने की संभावना नगण्य

प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड ने मरीज की स्थिति की जांच करने के बाद कहा था कि उसके ठीक होने की संभावना नगण्य है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 11 दिसंबर को कहा था कि प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह व्यक्ति 'बेहद दयनीय स्थिति' में है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2023 में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, कोमा की स्थिति वाले मरीज की कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने को लेकर विशेषज्ञों की राय लेने के लिए एक प्राथमिक और एक द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड का गठन करना अनिवार्य है।

### हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे थे, तब से बिस्तर पर

*दिल्ली में जन्मे हर्ष राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते हैं और न ही महसूस कर सकते हैं। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है।*

## 26 माह में 2714 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ा

# पहली दफा 101 हथियार, 3.61 करोड़ कैश और एक किलो सोना के साथ 108 नक्सलियों का सरेंडर

*देश को नक्सलमुक्त करने की डेडलाइन में मात्र 20 दिन शेष हैं। इस बीच बुधवार को मोस्ट वाटेंड 108 नक्सली डीजीपी व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जगदलपुर के शौर्य भवन में हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो गए। बुधवार का दिन नक्सल इतिहास में ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार समर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर डंप 3.61 करोड़ नगद, 1 किलो सोना तथा 101 घातक हथियार भी बरामद किए गए हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों का स्वागत करते हुए उन्हें रेड कॉरपेट में खड़ा कर गुलाब के फूल व संविधान की प्रति भेंट की गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जगदलपुर

31 मार्च 2026 की तिथि में केंद्र सरकार ने देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने की समय सीमा घोषित कर रखी है।

डेडलाइन को पूरा होने में 20 दिन ही बचे हैं इसी बीच संभागीय मुख्यालय में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेसी) से जुड़े 108 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया है इनमें 44 महिला कैडर भी शामिल हैं। समर्पण करने वाले नक्सलियों पर कुल 3 करोड़ 29 लाख रुपये का इनाम घोषित था। शौर्य भवन पुलिस को-ऑर्डिनेशन सेंटर में डीजीपी अरुण देव गौतम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर इसकी जानकारी दी। इन्हीं समर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर 101 घातक हथियार एके-47, इंसास, एलएमजी, बीजीएल व अन्य हथियार बरामद किए गए। इसे नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इसके अलावा नक्सल इतिहास में ▶▶। शेष पेज 7 पर






### पश्चिम बस्तर डिवीजन हुआ समाप्त

बुधवार को हुए समर्पण में कई बड़े नक्सली नेताओं ने भी हथियार डाले हैं। इन आत्मसमर्पण करने वालों में दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के कई बड़े कैडर भी शामिल हैं। इनमें पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम राहुल तेलाम, पंडरु कोवासी और झितरु ओयाम, पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी के डीवीसीएम रामधर उर्फ बीरु, उत्तर बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम मल्लेश, पीएलजीए बटालियन नंबर-01 के सीपीसी कमांडर मुचाकी और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर के डीवीसीएम कोसा मंडावी जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

### 26 माह में 2714 का सरेंडर

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बीते 26 महीने में 2714 माओवादी हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान का असर लगातार देखने को मिल रहा है। इस अभियान से प्रभावित होकर बीते 26 महीनों में छत्तीसगढ़ में कुल 2714 ▶▶। शेष पेज 7 पर

### ये हथियार बरामद

इस अभियान के तहत बरामद किए गए हथियारों में 6 नग एके 47 राइफल 1 एके 47 टीएकआ, 10 इंसास रायफल व एक कारबाईन, 5 एसएलआर राइफल, एक 7.62 मिमी एसएलआर एलएमजी, दो 5.56 मिमी इंसास एलएमजी, एक .303 मिमी ▶▶। शेष पेज 7 पर

### बस्तर में बंदूक हार रही है विश्वास जीत रहा : साय



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर क्षेत्र में माओवादी हिंसा के खिलाफ चल रही मुहिम को एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा है कि अब बस्तर में बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की जीत हो रही है। उन्होंने कहा कि जगदलपुर में 3.29 करोड़ रुपए के इनामी 108 सशस्त्र माओवादी कैडरों द्वारा हिंसा का रास्ता ▶▶। शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में सेंध, इलाके में हड़कंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वॉशंगटन डीसी में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब हाई सिक्योरिटी जोन वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आधिकारिक आवास यानी वाइट हाउस की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए एक वैन ने वहां लगे बैरिकोड को तोड़ दिया। इस घटना से वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद पूरे इलाके को तुरंत बंद कर दिया गया।

### हरियाणा और चंडीगढ़ में 19 स्थानों पर छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को चंडीगढ़ स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में हरियाणा सरकार के खातों से 590 करोड़ रुपए के कथित तौर पर गबन के सिलसिले में 19 स्थानों पर छापे मारे। जांच एजेंसी ने हरियाणा और चंडीगढ़ में उन विभिन्न व्यावसायिक संस्थाओं पर छापेमारी की, जिन्होंने आरोपियों को धन के लेन-देन और अपराध की आय को छिपाने फर्जी प्रविष्टियां प्राप्त करने में मदद की थी।

### बुआ को बचाने के प्रयास में तीन युवकों की मौत

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के घोघा थानाक्षेत्र में बुधवार को गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब दो सगे भाइयों समेत तीन युवक गंगा में डूब रही अपनी बुआ को बचाने के लिए नदी में कूद गए। पुलिस का कहना है कि गहरे पानी में चले जाने पर तीनों की डूबने से मौत हो गई, हालांकि उनकी बुआ बच गई।

20 क्रू मेंबर बचाए गए

# गुजरात आ रहे थाई कार्गो शिप पर होर्मुज स्ट्रेट में हमला

एजेंसी ▶▶। बैंकाक

होर्मुज जलडमरूमध्य में गुजरात की ओर जा रहे थाई ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज पर अज्ञात मिसाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज में आग लग गई और बचाव अभियान शुरू किया गया। इस दौरान 20 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि तीन जहाज पर ही फंसे रह गए। समुद्री सुरक्षा सूत्रों और जहाज ट्रैकिंग डेटा के ▶▶। शेष पेज 7 पर

### ट्रंप बोले- कभी भी खत्म कर सकता हूं युद्ध

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ जारी युद्ध जल्द खत्म हो सकता है, क्योंकि अब वहां निशाना बनाने के लिए लगभग कुछ भी नहीं बचा है। बुधवार को अमेरिकी मीडिया प्लेटफॉर्म को दिए एक संक्षिप्त फोन ▶▶। शेष पेज 7 पर

इतवारी बाजार के समीप की घटना

# पूर्व गृहमंत्री के बेटे ने कार से दुकान को मारी टक्कर, हंगामा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कोरबा

पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के पुत्र संदीप कंवर ने सड़क किनारे लगे सेवई की एक दुकान को टक्कर मारने के बाद दुकानदार के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद संदीप कंवर ने थाना में भी जमकर हंमागा किया है। पुलिस ने इस मामले में प्रार्थी की लिखित शिकायत पर संदीप कंवर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराना बस स्टैंड इतवारी बाजार के पास घटित हुई है। बताया जाता है ▶▶। शेष पेज 7 पर



### किया गया अपराध दर्ज

*संदीप कंवर ने सेवई की एक दुकान को ठोकर मार दी है और सेवई दुकान के संचालक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। सेवई दुकान के संचालक अजीम कुरैशी की रिपोर्ट पर संदीप कंवर के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।*

*-मोतीलाल पटेल*
*नगर कोतवाल*


## शिक्षा के अधिकार के तहत एडमिशन में गड़बड़ी का मामला

# फर्जी दाखिलों की शिकायतों के निराकरण में देरी, कोर्ट खफा

***होईकोर्ट ने कहा- मामला बच्चों के मौलिक अधिकार से जुड़ा इसलिए केवल प्रक्रिया का हवाला देकर देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता***

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बिलासपुर

खास खबर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने दुर्ग जिले में शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में 74 बच्चों के फर्जी दाखिले और 2025 में 591 शिकायतों के निस्तारण में देरी पर सख्त नाराजगी जताई है। समाजसेवी सीवी भगवंत राव की याचिका पर कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा है। इसके साथ ही 10 बच्चों को गलत तरीके से निकालने 118 बच्चों को अपात्र घोषित करने के मामले में भी 24 मार्च तक जवाब देने कहा गया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल प्रक्रिया का हवाला देकर देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि यह मामला सीधे बच्चों के मौलिक अधिकार से जुड़ा है। दरअसल प्रदेश भर में खास तौर ▶▶। शेष पेज 7 पर

### कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

*इसके साथ ही हाईकोर्ट ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत स्कूलों के लिए नियम व दिशा-निर्देश (गाइडलाइन) अब तक तैयार नहीं किए जाने पर कड़ी टिप्पणी की है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट कहा कि बच्चों के हितों से जुड़े इस गंभीर विषय में सरकार को जल्द ठोस कदम उठाने होंगे। इससे पहले शिक्षा सचिव ने अपना शपथ पत्र पेश किया। इसमें बताया गया कि आरटीई अधिनियम की धारा 35(2) के तहत विस्तृत गाइडलाइन बनाने की* ▶▶। शेष पेज 7 पर

### पोर्टल में निराकरण शिकायतें लंबित

*मामले में हस्तक्षेप याचिका दायर कर यह भी बताया गया कि कई स्कूलों में छात्रों के मिड-टर्म एडमिशन बिना प्रमाणपत्रों की जांच किए रद्द कर दिए गए, जो अत्यंत गंभीर मामला है। कोर्ट ने इसे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला बताया। इसके अलावा, एक अन्य हस्तक्षेपकर्ता ने एंट्री स्कूलों में बच्चों के शोषण का मुद्दा उठाया, जिस पर कोर्ट ने गहरी चिंता व्यक्त की। शिक्षा विभाग की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरटीई पोर्टल पर* ▶▶। शेष पेज 7 पर



जंबूरी टेंडर पर विधानसभा में हंगामा, विपक्ष ने उठाए पारदर्शिता पर सवाल

# स्काउट-गाइड जंबूरी टेंडर और खर्च में गड़बड़ी का आरोप, मंत्री ने किया इंकार, विपक्ष का बहिर्गमन

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान स्काउट गाइड जंबूरी आयोजन से जुड़े टेंडर निरस्तीकरण के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। विपक्ष ने टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता और संगठन के नेतृत्व को लेकर सवाल उठाए, जबकि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने टेंडर की सभी प्रक्रियाओं को नियमों के अनुसार बताया। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष के सदस्यों ने बिहर्गमन कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने स्काउट-गाइड जंबूरी आयोजन से जुड़े टेंडर को निरस्त करने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने सरकार से पूछा कि पहले जारी किए गए टेंडर को किन कारणों से रद्द किया गया। यदि टेंडर की शर्तों में बदलाव या उसे डाउन ग्रेड किया गया है, तो क्या इसके लिए स्काउट-गाइड संगठन की अनुमति ली गई थी। उन्होंने पूरे मामले में पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब देने की मांग की। मंत्री ने बताया कि बालोद में आयोजित रोवर-रेंजर जंबूरी कार्यक्रम के तहत क्रीड़ांगन, डोम और अन्य संरचनाओं के अस्थायी निर्माण के लिए 2 करोड़ खर्च किए गए। वहीं कार्यक्रम से जुड़े कार्यो के लिए भारत किराया भंडार को 5 करोड़ 38 लाख से अधिक का टेंडर दिया गया। मंत्री ने स्वीकार किया कि टेंडर की शर्तों में बदलाव के लिए समिति का गठन किया गया था।



## स्कूल शिक्षा मंत्री होते हैं पदेन अध्यक्ष

इस पर जवाब देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि स्काउट-गाइड राज्य परिषद में शिक्षा मंत्री पदेन अध्यक्ष होते हैं, जबकि मुख्यमंत्री संगठन के संरक्षक होते हैं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री द्वारा तय की जाती है और उसी के अनुसार संगठन का संचालन किया जाता है। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि पूर्व शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के पद से इस्तीफा देने के बाद उनके सभी दायित्व स्वतः समाप्त हो गए थे। वर्तमान व्यवस्था के तहत ही परिषद का संचालन किया जा रहा है।

## विपक्ष ने की जांच की मांग

मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने विधायक दल की एक समिति बनाकर इस पूरे प्रकरण की जांच कराने की मांग उठाई। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि इस मामले में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है और सभी प्रक्रियाएं नियमों के अनुसार की गई हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई गड़बड़ी नहीं हुई है तो जांच कराने की आवश्यकता भी नहीं है।

## सदन में हंगामा और बहिर्गमन

सरकार की ओर से स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जवाब देते हुए नियमों के तहत प्रक्रिया होने की बात कही। विपक्ष के विधायक मंत्री गजेंद्र यादव के जवाब से असंतुष्ट दिखे और जांच की मांग करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

## लखनऊ से आई टीम ने शुरू किया निर्माण

विधायक ने आरोप लगाया कि टेंडर खुलने के पहले ही कार्य शुरू कर दिया गया था, जो भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। मंत्री ने कहा कि स्काउड गाइड परिषद की ओर से टेंडर की शर्तों में बदलाव के लिए अनुमति ली गई थी। उन्होंने कहा कि भारत स्काउड गाइड के कार्यालय और अन्य संरचनाओं के निर्माण पहले किया गया, इसके लिए लखनऊ से टीम आई थी, इसका स्थानीय टेंडर प्रक्रिया से कोई संबंध नहीं है।

## अध्यक्ष पद को लेकर भी उठे सवाल

सदन में चर्चा के दौरान उमेश पटेल ने स्काउट गाइड राज्य परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर भी भ्रम की स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, एक ओर सांसद स्वयं को अध्यक्ष बता रहे हैं, जबकि दूसरी ओर मंत्री भी खुद को अध्यक्ष बता रहे हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि आखिर संगठन का वास्तविक अध्यक्ष कौन है और इस बारे में स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। यदि किसी परिषद में नए अध्यक्ष की नियुक्ति की जाती है, तो पुरानी परिषद को भंग करना होता है, ऐसी प्रक्रिया इसमें अपनाई गई या नहीं।

## ट्रैक्टर की टक्कर से ऑटो सवार बुजुर्ग की मौत

**कुम्हारी** । राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कुम्हारी महाराष्ट्र बैंक के पास सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। रात करीब 8 बजे देवभोग दूध डेयरी से मजदूरी कर ऑटो में गोगांव रायपुर लौट रहे मजदूरों से भरी ऑटो को टमाटर से भरी आईचर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में ऑटो सड़क पर ही पलट गया। उसमें सवार गोगांव निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग टीकाराम खूंटे का उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं ऑटो में सवार चार अन्य लोग बुरी तरह घायल है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ऑटो सीजी 04टीए 1947 एवं आईचर वाहन 04 एनएन 3322 दोनों वाहनों को थाने में रखा गया है। दोनों वाहन भिलाई की ओर से रायपुर जा रहे थे। आईचर में टमाटर भरा हुआ था।

# ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर ग्रामीणों से 60 हजार की वसूली, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सोशल मीडियां में वाइस वायरल होने के बाद खुली विभाग की नींद

गनियारी वितरण केन्द्र के अंतर्गत नरोत्तिकांपा में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए लाइनमेन द्वारा 60 हजार रूपए लेने का आडियो वायरल हो चुका है। इसके बाद विभाग में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में विभाग के अधिकारियों ने मामले को दबाने का प्रयास भी किया लेकिन मीडिया को खबर लगते ही अधिकारियों द्वारा जांच की बात कही जा रही है।

मामला सकरी उप संभाग के गनियारी वितरण केन्द्र के नरोत्तिकांपा गांव का है। गर्मी के धान के लिए पानी की जरूरत होने पर ग्रामीणों ने वितरण केन्द्र में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। जेई और लाइनमेन ने इसके लिए ग्रामीणों से 60 हजार रूपए की मांग करते हुए रूपए ले लिया है। इसके बाद विभाग द्वारा दिए गए 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया, लेकिन लोड अधिक होने के बाद ग्रामीणों ने इसकी क्षमता बढ़ाने के लिए दबाव बनाया, जिसपर लाइनमेन प्रवीण साहू ने बिना स्वीकृति के ही 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगा दिया। मामले में आडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया, जिसके बाद विभाग के अधिकारियों के कान खड़े हो गए है और अब मामले की जांच करने के लिए 3 सदस्यीय टीम बनाई गई है, जिसमें एई माधूरी पटेल व दो बाबूओं को रखा गया है। टीम द्वारा हफ्ते भर में रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

### दोषी पाने पर होगी कार्रवाई

लाइनमेन पर विभाग के द्वारा जांच बैठाई गई है, जांच में रिपोर्ट सामने आने और दोषी पाने पर कार्रवाई की जाएगी।

**अनुपम सरकार, ईई, ग्रामीण सर्किल**

उपचार के लिए बर्न वार्ड में थी भर्ती

# जिला अस्पताल में महिला मरीज ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती युवती ने अज्ञात कारणों से बाथरूम में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जिला अस्पताल में बुधवार की दोपहर उस समय हड़कंप मंच गया, जब बर्न वार्ड में भर्ती 20 वर्षीय युवती ने वार्ड में स्थित महिला प्रसाधन कक्ष में जाकर फांसी लगा ली। कोंडागांव जिले के ग्राम खोपाबेड़ा निवासी दसोमती नेताम पिता सायतु (20) धमतरी के बस स्टैंड के पीछे स्थित हरिओम राइस मिल में मजदूरी करती थी। सोमवार को युवती अपने निवास में खाना बना रही थी। खाना बनाते समय दाल उसके हाथों में गिर गई। गर्म दाल से उसका हाथ झुलस गया। उपचार कराने युवती जिला अस्पताल में भर्ती हुई। अस्पताल के प्रथम तल पर स्थित बर्न वार्ड में भर्ती कर युवती का उपचार किया जा रहा था। युवती के साथ उसकी बहन जगमती सोरी थी। बुधवार की दोपहर युवती अपने बिस्तर से उठकर वार्ड में स्थित बाथरूम गई थी। काफी समय तक युवती के वापस नहीं आने पर उसकी बहन ने बाथरुम में जाकर देखा। वहां युवती गमछे के फंदे पर फांसी पर लटकी हुई थी। घटना की सूचना पर अस्पताल में हड़कंप मच गया। तत्काल अस्पताल के अधिकारी व पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर सीएसपी, सीएमएचओ, सिविल सर्जन व कोतवाली प्रभारी सहित अन्य स्टाफ मौके पर पहुंचे। पुलिस शव को मर्रच्यूरी में शिफ्ट कराकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।



### जांच की जा रही है : सीएसपी

मौके पर पहुंचे सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि कोंडागांव जिले की रहने वाली 20 वर्षीय युवती हरिओम राइस मिल में काम करती थी। बुधवार की दोपहर वार्ड के बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली है। कारण अज्ञात है। पुलिस जांच कर रही है।

### दोषी पर होगी कार्रवाई : सीएमएचओ

सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक ने बताया कि कोंडागांव क्षेत्र की रहने वाली युवती धमतरी की एक राइस मिल में काम करती थी। दाल बनाते झुलस जाने पर उपचार के लिए बर्न वार्ड में भर्ती थी। युवती ने बुधवार को फांसी लगा ली है। इस मामले में स्टाफ द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही व गैर जिम्मेदारी पाए जाने पर कार्रवाई करेंगे।

ईकोफ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना

# दो साल बाद भी इलेक्ट्रानिक बस सेवा कागजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदूषण मुक्त सफर के उद्देश्य से ईकोफ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने वाली प्रधानमंत्री ई-बस सेवा दो साल बाद भी कागजों से बाहर नहीं आई है। योजना में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और कोरबा के लिए 240 ई-बस स्वीकृत की गई थी। मार्च 2024 में स्वीकृत इन बसों के संचालन के लिए रूट, सिविल डिपो तथा बीटीएम पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

देशभर में प्रदूषण मुक्त सफर के लिए प्रधानमंत्री ई-बस सेवा की योजना लाई गई थी। कई राज्यों में इसका संचालन शुरू हो गया है मगर छत्तीसगढ़ में दो साल बाद भी इसकी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विधानसभा में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के सवाल के लिखित जवाब में नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय को केन्द्र शासन से अब तक कोई इलेक्ट्रिक बस प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर, तथा कोरबा के लिए कुल 240 ई-बसों की स्वीकृति प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत मार्च 2024 को प्राप्त हुई है। इसके साथ ही योजना के निर्देशों के अनुसार केंद्र सरकार की एजेंसी कंवर्जेंस एनर्जी सर्विसेस लिमिटेड (सीईएसएल) के ग्लोबल टेंडर में न्यूनतम दरों के आधार पर चयनित ऑपरेटर द्वारा बस संचालित किया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही राज्य शासन द्वारा ई-बसों के संचालन हेतु संबंधित जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसायटी (यूपीएसएस) को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार यूपीएसएस द्वारा निर्माणाधीन सिविल डिपो इंफ्रास्ट्रक्चर तथा बीटीएम पॉवर इंफ्रास्ट्रक्चर की पूर्णता के साथ ई-बसों की प्राप्ति के बाद चयनित बस आपरेटर द्वारा ई-बसों का संचालन किया जावेगा। अभी यूपीएसएस द्वारा संभावित मार्गों का चयन किया जा रहा है।

## केंद्र सरकार से नहीं मिली 240 ई-बस



### रायपुर की 100 बसें

योजना के दौरान रायपुर में यातायात के दबाव को ध्यान में रखते हुए 100 बसें स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 इलेक्ट्रानिक बसों को योजना में हरी झंडी दी गई थी। इससे संबंधित विभिन्न कार्य अधूरे होने की वजह से बसों के छत्तीसगढ़ पहुंचने में काफी देरी हो रही है।



ITSA HOSPITALS

## सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य

लोगों की देखभाल, धरती की सुरक्षा

आपकी किडनियाँ 24/7 काम करती हैं क्या आप उनका ध्यान रख रहे हैं?

अधिकतर किडनी की बीमारियों के लक्षण तब तक दिखाई नहीं देते जब तक बीमारी गंभीर न हो जाए। आज कराई गई एक साधारण स्वास्थ्य जाँच आपके भविष्य को सुरक्षित बना सकती है।




ऑफ़र की अवधि: 12 मार्च – 12 जून 2026

सीमित स्लॉट उपलब्ध

**Plan 1**

सम्पूर्ण किडनी जाँच पैकेज

वास्तविक कीमत: ₹5215 | विशेष ऑफ़र कीमत: ₹899 Only

- यूरोलॉजिस्ट से परामर्श
- नेफ्रोलॉजिस्ट से परामर्श
- CBC (पूरा ब्लड काउंट)
- किडनी फंक्शन टेस्ट (यूरिया, क्रिएटिनिन, सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड)
- eGFR कैलकुलेशन (किडनी की कार्यक्षमता जाँच)
- ब्लड शुगर जाँच (फास्टिंग)
- स्पॉट यूरिन प्रोटीन : क्रिएटिनिन अनुपात (PCR)
- अल्ट्रासाउंड KUB ± (Prostate) + PVRU
- यूरिन रुटीन और माइक्रोस्कोपी जाँच
- यूरोफ्लोमेट्री + PVRU
- ब्लड प्रेशर जाँच
- BMI (बॉडी मास इंडेक्स) मापन

**Plan 2**

बेसिक किडनी जाँच

वास्तविक कीमत: ₹3800 | विशेष ऑफ़र कीमत: ₹499 Only

- यूरोलॉजिस्ट से परामर्श
- नेफ्रोलॉजिस्ट से परामर्श
- CBC (पूरा ब्लड काउंट)
- किडनी फंक्शन टेस्ट (यूरिया, क्रिएटिनिन, सोडियम, पोटैशियम, क्लोराइड)
- यूरिन रुटीन और माइक्रोस्कोपी जाँच
- स्पॉट यूरिन प्रोटीन : क्रिएटिनिन अनुपात (PCR)
- अल्ट्रासाउंड KUB



**डॉ. शिवेंद्र अग्रवाल**
MBBS, MS General Surgery (Ahmedabad), FMAS MCh Urology (Bangalore) DrNB Urology
कंसलटेंट
यूरोलोजिस्ट, एंड्रोलॉजिस्ट, किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन
9 वर्षों से अधिक का अनुभव



**डॉ. नमन महेश पाठक**
MBBS, MD (Internal Medicine) (BHU) DM Nephrology (AIIMS)
कंसलटेंट
नेफ्रोलॉजी और गुर्दा प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
7 वर्षों से अधिक का अनुभव

इट्सा हॉस्पिटल्स, अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छ.ग.

0771 4800000, 7880 120000

www.itsahospitals.com

रायपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी | वर्ष : 24, अंक : 229 | पृष्ठ : 12+4+4=20, मूल्य : 5 .00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## अफीम की खेती का एक और मामला : बघेल



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट किया है। श्री बघेल ने लिखा, बलरामपुर जिले के करौधा के पास खजूरी पंचायत में डेढ़ एकड़ में अफीम की खेती मिली है। यह तीसरा मामला है। छत्तीसगढ़ में लगातार अफीम की खेती मिल रही है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग में अफीम की खेती के बाद बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का मामला सामने आने पर सियासत तेज हो गई है। इधर, अफीम की खेती के नए खुलासे के बाद 12 मार्च को कांग्रेस ने प्रदेश स्तर पर भाजपा दफ्तर एकात्म परिसर का घेराव करने की योजना बनाई गई है।

# खेत से उखाड़ी अफीम की फसल, 100 से अधिक मजदूर लगाए गए, जब्ती का बनाया वीडियो

**पांच हिरासत में, पर खेती में किसका हाथ, अभी तक स्पष्ट नहीं, गांव में पुलिस बल तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/कुसमी

हरिभूमि फॉलोअप

ग्राम त्रिपुरी के सरनाटोली ने जंगल किनारे अफीम की खेती के मामले में बुधवार को पुलिस व राजस्व विभाग की दिनभर कार्रवाई चली। कलेक्टर, एसपी की मौजूदगी में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम ने खेत से अफीम की फसल को उखाड़ने के साथ ही जब्ती की कार्रवाई की। अफीम की खेती को लेकर कार्रवाई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, फोरेंसिक की टीम भी जांच में शामिल हो गई है। अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इधर ▶▶|शेष पेज 7 पर

### चल रही है कार्रवाई


सूचना मिलने के बाद हमारी टीम लगातार मौके पर मौजूद है और कार्रवाई चल रही है। खेत से अफीम की फसल को जब्त करने की प्रक्रिया एनडीपीएस एक्ट के तहत चल रही है। इस प्रक्रिया में समय लगता है। कार्रवाई पूरी होने के बाद आगे की जानकारी सामने आ सकेगी।

-वैभव बैंकर एसपी बलरामपुर




## खबर संक्षेप

### निवेशकों की पूंजी 5.14 लाख करोड़ घटी



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार के निवेशकों की पूंजी में बुधवार को 5.14 लाख करोड़ रुपए की कमी आई, क्योंकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण, एक दिन की राहत के बाद शेयर बाजार लुढ़क गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,342.27 अंक या 1.72 प्रतिशत टूटकर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ।

### पशु चिकित्सा स्नातक में सिर्फ नीट-यूजी से दाखिला

**जयपुर।** बीकानेर स्थित राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में अगले शैक्षणिक सत्र से पशुचिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम के लिए दाखिला राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) के माध्यम से ही होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल में हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया। पहले दाखिला राजस्थान प्री-वेटरनरी टेस्ट (आरपीवीटी) के जरिए होता था। अधिकारियों ने बताया कि हालांकि, पहले भी विश्वविद्यालय नीट के माध्यम से प्रवेश देता था।

### फुकेट में एयर इंडिया विमान की हार्ड लैंडिंग



**मुंबई।** एयर इंडिया एक्सप्रेस के बोइंग 737 मैक्स विमान ने बुधवार को फुकेट हवाई अड्डे पर 'हार्ड लैंडिंग' की जिससे उसके आगे के दोनों पहिए अलग हो गए। एक वरिष्ठ डीजीसीए अधिकारी ने यह जानकारी दी। विमान वीटी-बीडब्ल्यूक्यू की उड़ान आईएक्स938 हैदराबाद से फुकेट के लिए रवाना हुई थी।

### केंद्रीय बलों में 93,000 से अधिक पद रिक्त

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स में 93,000 से अधिक पद रिक्त हैं। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने अर्द्धसैनिक बलों में रिक्तियों के आंकड़े पेश किए, जिसके अनुसार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सबसे अधिक 27,400 पद रिक्त हैं। इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल है, जिसमें 28,342 पद खाली हैं।

### पूर्व राजनयिक संधू दिल्ली के एलजी

**नई दिल्ली।** पूर्व राजनयिक तरनजीत सिंह संधू ने लोक निवास में बुधवार को आयोजित समारोह में दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने शपथ दिलाई। संधू ने दिल्ली को अपनी 'कर्मभूमि' बताया और कहा कि उन्होंने विदेश सेवा अधिकारी के रूप में यहां सेवा करने से पहले शहर में कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढ़ाई की थी।



## गैस संकट : देशभर में लंबी कतारें, सरकार ने किया राहत का ऐलान

# घबराएं नहीं, बुकिंग के ढाई दिन के अंदर घर पहुंच जाएगा सिलेंडर

*अमेरिका और इजरायल के खिलाफ ईरान की जंग का असर भारत के करोड़ों लोगों पर पड़ता दिख रहा है। पश्चिम एशिया में जारी इस युद्ध के बीच लोग एलपीजी सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे हैं। कई रेस्टोरेंट बंद हो गए, लोग गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतार लगा रहे हैं। कई शहरों में पुलिस सुरक्षा में सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। इस बीच, सरकार ने राहत दी है। कोई उपभोक्ता गैस सिलेंडर की बुकिंग करता है, तो उसे ढाई दिन के अंदर डिलीवरी हो जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

दिल्ली, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान समेत कई राज्यों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स में खाना नहीं बन पा रहा है। वहीं, एलपीजी सिलेंडर की किल्लत के चलते अयोध्या में राम रसोई को बंद कर दिया गया है। आठ साल में पहला मौका है, जब राम रसोई बंद की गई है। इधर, सरकार का कहना है कि अब भारत का 70% कच्चा तेल उन रास्तों से आ रहा है जो स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बाहर हैं। पहले यह आंकड़ा 55% था। हमने खरीद में विविधता लाकर अपनी सप्लाई सुरक्षित कर ली है। गैस कंपनियों ने नए स्त्रोतों से एलएनजी के कार्गो सुरक्षित किए हैं। मंत्रालय के मुताबिक, दो बड़े एलएनजी जहाज अगले एक-दो ▶▶|शेष पेज 7 पर

### एलएनजी के 2 जहाज रास्ते में, जल्द पहुंचने की उम्मीद



- उत्तरप्रदेश और बिहार में पुलिस की सुरक्षा में बांटा जा रहा सिलेंडर
- अयोध्या के नि:शुल्क भोजनालय 'राम रसोई' करनी पड़ी बंद
- कहीं मेन्यू में कटौती, कहीं लकड़ी का इस्तेमाल, कई रेस्टोरेंट बंद

#### केंद्र के निर्देश, एलपीजी आपूर्ति पर नजर रखे राज्य

केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एलपीजी आपूर्ति पर कड़ी नजर रखने और सिलेंडर की जमाखोरी या कालाबाजारी रोकने के निर्देश दिए हैं। आठ मार्च के एलपीजी से संबंधित आदेश में रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल प्रतिष्ठानों को एलपीजी उत्पादन को अधिकतम करने और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया है।



#### घरेलू एलपीजी का उत्पादन 25% तक बढ़ाया

देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और लोग घबराकर 'पैनिक बुकिंग' न करें। सप्लाई चेन को दुरुस्त रखने के लिए घरेलू एलपीजी का उत्पादन 25% तक बढ़ा दिया गया है। कुछ जगहों पर गलत जानकारी की वजह से लोग पैनिक बुकिंग और जमाखोरी कर रहे हैं। ग्राहकों को घबराने की जरूरत नहीं है, सप्लाई पूरी तरह सामान्य है।

### देशभर में ऐसा असर

#### दिल्ली में क्लाउड किचन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज में क्लाउड किचन चलाने वाले उद्यमी गगनदीप सिंह सप्रा ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह रुक गई है। उनके आउटलेट के करीब 80 प्रतिशत मेन्यू को ऑफलाइन करना पड़ा है, क्योंकि अधिकतर व्यंजन तंदूर आधारित हैं।

#### मुंबई में घटाए जा रहे व्यंजन

मुंबई में भी कई रेस्टोरेंट गैस की अधिक खपत वाले व्यंजन कम कर रहे हैं। लोकप्रिय भोजनालय वसंत भूवन में डोसा और पाव भाजी के लाइव काउंटर अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। रसोई में अब इंडक्शन और कोयले से खाना बनाने की व्यवस्था की जा रही है।

#### चेन्नई में भी हालात गंभीर

एलपीजी की कमी का असर चेन्नई में भी गंभीर बताया जा रहा है। गैस वितरण कंपनियों के सूत्रों के अनुसार करीब पांच लाख कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति रुकने से स्थिति संकटपूर्ण हो गई है। होटल और उद्योगों को वैकल्पिक ईंधन तलाशने की सलाह दी गई है।

#### हैदराबाद में लकड़ी के चूल्हे पर बिरयानी

हैदराबाद में लोकप्रिय रेस्टोरेंट चेन शाह गौस कैफे ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कमी के कारण अपनी मशहूर बिरयानी पारंपरिक लकड़ी के चूल्हों पर बनानी शुरू कर दी है।



# घरघोड़ा वन क्षेत्र में दो हाथी शावकों की मौत

## हिरासत में तीन संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़



- घरघोड़ा वन क्षेत्र के सुहाई जंगल की घटना
- वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, पीएम के बाद किया दाह संस्कार

घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के सुहाई जंगल में दो हाथी शावकों की मौत होने की जानकारी मिली है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव का पीएम कराया। पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की असली वजह सामने आने की बात कही जा रही है। हालांकि इस मामले में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा तीन संदिग्धों को हिरासत में लेने की जानकारी भी मिली है। देर शाम तक दाह संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर करीब 12 घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के पाकादरहा क्षेत्र अंतर्गत कुरकुट नदी से लगे ▶▶|शेष पेज 7 पर

### संदिग्धों से पूछताछ

हाथियों की मौत संदिग्ध परिस्थितियों मे होने की बात कही जा रही है। खास बात यह है कि वन विभाग ने इस मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में भी ले लिया है। उनसे पूछताछ भी शुरू कर दी है। पशु चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में दोनों मृत हाथियों का पीएम कराया गया है। अब इसकी रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असलियत सामने आएगी। पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## शाह ने जमकर घेरा

# स्पीकर को हटाने विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा



- ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा से जुड़ा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बुधवार को सदन में ध्वनिमत से खारिज हो गया है। मामले पर सदन में हुई कुल 13 घंटे की चर्चा में 42 सांसदों की भागीदारी के बाद कांग्रेस के मोहम्मद जावेद सहित किसी अन्य विपक्षी दल के सांसद द्वारा प्रस्ताव पर मतदान की मांग नहीं की गई। जिसकी वजह पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल के आह्वान पर सदन द्वारा अंत में इसे पूर्णतः खारिज कर दिया गया। हालांकि चर्चा के अंत में गृहमंत्री ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### नेहरू के जमाने के नियम भाजपा ने नहीं बनाए

शाह ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लोकसभा इस देश की सबसे बड़ी पंचायत है। जिसमें संविधान ने अध्यक्ष को अभिभावक के रूप में दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका में रखा है। उन्हें विधायी न्यायशास्त्र का सर्वोच्च न्यायाधीश कहा जाता है और उनके निर्णयों के प्रति असहमति तो जताई जा सकती है। लेकिन कभी कोई सवालिया निशान खड़ा नहीं किया जा सकता या शंका नहीं जताई जा सकता है।

#### असमंजस में विपक्ष बिरला ने दिखाई उदारता

शाह ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव को लाने के दौरान विपक्ष असमंजस में नजर आया। जब बजट सत्र के पहले भाग में कांग्रेस के नेतृत्व में लोकसभा अध्यक्ष के कार्यालय को प्रस्ताव सौंपा गया था। तो उस पर तारीख पिछले साल की लिखी हुई थी। वेणुगोपाल, 119 सदस्य प्रस्ताव लाए थे। लेकिन संकल्प संलग्न नहीं था। शायद उन्हें लगा होगा कि इसे कार्यालय खारिज कर देगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ने इसमें सुधार के लिए प्रस्ताव लौटाया।

#### रविशंकर-राहुल में तीखी नोकझोंक

इधर, निचले सदन में सत्ता पक्ष से रविशंकर प्रसाद और विपक्ष से राहुल गांधी के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। प्रसाद ने राहुल के संसदीय आचरण और सदन में उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि बतौर नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें अपने पद की गरिमा के साथ तमाम जरूरी दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए। लेकिन उन्हें इसका जरा भी भान नहीं है। वो सदन में गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों के साथ कभी भी कुछ भी बोल देते हैं।

*स्टेट कैपिटल रीजन की पहली बैठक में मैराथन मंथन*

# महानगरों की तर्ज पर होगा विकास सीएसआर बनेगा छग का ग्रोथ इंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आधुनिक अधोसंरचना और कनेक्टिविटी को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा परिसर स्थित उनके कार्यालय में छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (स्टेट कैपिटल रीजन एससीआर) की पहली बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा- यह क्षेत्र बड़े महानगरों की तर्ज पर ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### महानगरों की तरह विकसित होगा सीएसआर

बैठक में बताया गया कि राजधानी रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों को स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें रायपुर, दुर्ग-भिलाई, नवा रायपुर अटल नगर और आसपास के क्षेत्र शामिल ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### अपेक्षाएं बढ़ीं, पूरा करना सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजधानी रायपुर और आसपास के शहर तेजी से विकसित होते हुए एक बड़े शहरी क्षेत्र का रूप ले रहे हैं, इसलिए महानगरों की तर्ज पर इनके संतुलित और योजनाबद्ध विकास की ▶▶|शेष पेज 7 पर

## शादी समारोह में अफरा-तफरी

# डिप्टी सीएम चौधरी पर गोलीबारी कार्यक्रम में फारूक भी थे मौजूद

**जम्मू।** जम्मू के ग्रेटर कैलाश इलाके में स्थित होटल रॉयल पार्क में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कार्यक्रम में अचानक फायरिंग की घटना हो गई। इस समारोह में नेशनल कॉन्फ्रेंस के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी और पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। जानकारी के अनुसार, समारोह के दौरान एक व्यक्ति ने पिस्तौल लहराते हुए फायरिंग कर दी। हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमलावर को काबू में कर लिया।



#### सीसीटीवी कैमरों की जांच

घटना से जुड़े हर पहलू को समझने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी देखी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी सबूतों और फुटेज का विश्लेषण करने के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि फायरिंग की घटना किन परिस्थितियों में और किस वजह से हुई। फिलहाल पुलिस तथ्यों को इकट्ठा कर मामले की सच्चाई तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## डीआरडीओ और नौसेना का एडीसी-150 ट्रायल सफल

# समुद्र में फंसे जहाजों को अब आसमान से मिलेगी तुरंत मदद!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

समंदर में भारतीय नौसेना की ताकत में और इजाफा हुआ है। नौसेना ने अपनी लॉजिस्टिक्स क्षमताओं में एक नई उपलब्धि जोड़ी है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय नौसेना दोनों ने संयुक्त रूप से गोवा के तट पर पी-8आई विमान से स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर 'एडीसी-150' का इन-फ्लाइट रिलीज परीक्षण किया। ये परीक्षण विभिन्न चरम परिस्थितियों में किए गए जो पूरी तरह से सफल रहे। यह परीक्षण नौसेना के पी-8आई समुद्री गश्ती विमान से किया गया। नौसेना के लिए ये कंटेनर बेहद खास है। इससे नौसेना की परिचालन रसद क्षमता बहुत बढ़ जाएगी। ये परीक्षण 21 फरवरी से ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### क्या है एडीसी-150

एडीसी-150 एक स्वदेशी एयर ड्रॉप सिस्टम है, जिसकी मदद से विमान से समुद्र में मौजूद जहाजों तक करीब 150 किलोग्राम तक जरूरी सामान पहुंचाया जा सकता है। स्वदेशी एयर ड्रॉपेबल कंटेनर एडीसी-150 के जरिए समुद्र में तैनात नौसैनिक जहाजों को जरूरी उपकरण, दवाइयां और मेडिकल सहायता, जरूरी स्पेयर पार्ट्स और अन्य आपातकालीन सामान काफी तेजी से पहुंचाया जा सकेगा।



#### कैसे काम करता है सिस्टम

*यह कंटेनर विमान से गिराए जाने के बाद पैराशूट की मदद से धीरे-धीरे समुद्र में उतरता है, जिससे अंदर रखा सामान सुरक्षित रहता है और जहाज उसे आसानी से उठा सकते हैं।*

#### किसने किया विकास

*इस परियोजना का नेतृत्व नौसैनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला, विशाखापत्तनम ने किया। वहीं एरियल डिलीवरी अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, आगरा ने पैराशूट सिस्टम विकसित किया. तो वहीं सैन्य वायु योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र, बेंगलुरु ने उड़ान अनुमति और प्रमाणन दिया, जबकि रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, हैदराबाद ने परीक्षण के लिए तकनीकी सहयोग दिया।*

#### जल्द नौसेना में होगा शामिल

डीआरडीओ के मुताबिक सभी परीक्षण सफल रहे हैं और अब यह सिस्टम जल्द ही भारतीय नौसेना में शामिल किया जा सकता है। यह सिस्टम खासतौर पर उन नौसैनिक जहाजों के लिए बहुत उपयोगी होगा जो तट से दूर गहरे समुद्र में तैनात रहते हैं। ऐसे में किसी आपात स्थिति में जरूरी सामान और मेडिकल सहायता सीधे आसमान से जहाज तक पहुंचाई जा सकेगी।

एनसीईआरटी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई बेहद सख्ती

# विवादित चैप्टर लिखने वालों पर गिरी गाज, सभी जिम्मेदारियों से होंगे मुक्त

## संवेदनहीन टिप्पणी करने वाले मीडिया संस्थानों की होगी पहचान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एनसीईआरटी (एनसीईआरटी) की किताबों में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़े विवादित चैप्टर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रुख अख्तियार किया है। चीफ जस्टिस की बेंच ने इस मामले में न केवल नाराजगी जताई है, बल्कि इस अध्याय को तैयार करने वाले तीन मुख्य लोगों को तत्काल प्रभाव से सभी सरकारी प्रोजेक्ट्स और सार्वजनिक धन से जुड़ी जिम्मेदारियों से अलग करने का ऐतिहासिक आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेष रूप से जिन तीन लोगों को स्कूल पाठ्यक्रम तैयार करने की किसी भी प्रक्रिया से बाहर रखने का निर्देश दिया है, उनमें प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्ना कुमार शामिल हैं।

### अब नहीं कर पाएंगे पाठ्यक्रम तैयार

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और विश्वविद्यालयों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन लोगों ने संबंधित विवादित चैप्टर को लिखा है, उन्हें भविष्य में पाठ्यक्रम तैयार करने के किसी भी कार्य से तुरंत अलग किया जाए। अदालत ने साफ किया है कि इन व्यक्तियों को ऐसी कोई भी जिम्मेदारी न दी जाए जिसमें सार्वजनिक धन का उपयोग शामिल हो।

### नया पाठ्यक्रम और विशेषज्ञ समिति का गठन

अदालत ने आदेश दिया है कि यदि चैप्टर चार को दोबारा लिखा गया है, तो उसे तब तक प्रकाशित न किया जाए जब तक कि विशेषज्ञ समिति की मंजूरी न मिल जाए। इसके साथ ही, न्यायपालिका से जुड़े पाठ्यक्रम के लिए सरकार को एक सप्ताह के भीतर एक उच्च स्तरीय समिति बनाने का निर्देश दिया गया है, जिसमें एक वरिष्ठ रिटायर्ड जज, एक प्रमुख विद्वान और एक प्रसिद्ध वकील शामिल हों. कोर्ट ने एनसीईआरटी को यह भी सुझाव दिया है कि वे समिति में किसी प्रमुख न्यायविद् को शामिल करने पर विचार करें।

### शिक्षा के स्तर को सुधारने के निर्देश

शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी भोपाल को उच्च कक्षाओं के कानूनी पाठ्यक्रम तय करने की प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। इसके अलावा, नेशनल सिलेबस एंड टीचिंग लर्निंग मटेरियल कमेटी (एनएसटीसी) के उन सदस्यों की भूमिका पर भी पुनर्विचार करने को कहा गया है, जिन्होंने न्यायपालिका पर विवादित चैप्टर छपने से पहले उसे देखा या मंजूरी दी थी।

### मीडिया और आलोचना पर सख्त टिप्पणी

अदालत ने स्पष्ट किया कि यह फैसला न्यायपालिका की रचनात्मक आलोचना पर कोई रोक नहीं लगाता है। हालांकि, इस मामले में संवेदनहीन टिप्पणी करने वाले मीडिया संस्थानों को कोर्ट बख्शने के मूड में नहीं है। सरकार को निर्देश दिया गया है कि वे मीडिया के उस वर्ग की पहचान करें जिन्होंने इस मामले में अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि ऐसे लोग देश-विदेश में कहीं भी छिपे हों, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### इधर, सभी कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा शुरू

एनसीईआरटी द्वारा जारी की गई कक्षा 8 की नई सोशल साइंस की किताब को लेकर उठे विवाद पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एनसीईआरटी की सभी कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा शुरू कर दी गई है। सरकार का कहना है कि अब बिना विशेषज्ञों की जांच के कोई भी सामग्री प्रकाशित नहीं की जाएगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को जानकारी दी कि केंद्र ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद को निर्देश दिया है कि वह सभी कक्षाओं की किताबों की व्यापक समीक्षा करे। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने सुझाव दिया कि अगर केंद्र सरकार इस काम के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करे तो यह अधिक उचित होगा।

## खबर संक्षेप

### आज आएगा ईरान से 100 भारतीय स्टूडेंट्स का पहला बैच

**नई दिल्ली।** ईरान में पढ़ रहे 100 भारतीय स्टूडेंट्स का पहला बैच गुरुवार के रास्ते अर्मेनिया बॉर्डर से निकलेगा। स्टूडेंट्स एसोसिएशन के कन्वीनर ने बताया कि, तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज, ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज, और शाहिद बेहेश्टी यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेडिकल साइंसेज में एनरोल्ड स्टूडेंट्स को दो इवैक्युएशन रूट दिए गए हैं, एक आर्मेनिया का दूसरा अजरबैजान का। अधिकारी और स्टूडेंट ग्रुप यह पक्का करने के लिए कोऑर्डिनेट कर रहे हैं कि जो लोग जाना चाहते हैं, वे तय एग्जिट पॉइंट तक सुरक्षित यात्रा कर सकें।

### आगरा से एक पाकिस्तानी जासूस हुआ गिरफ्तार

**आगरा।** यूपी एटीएस ने आगरा से एक पाकिस्तानी जासूस को



गिरफ्तार किया है। आरोपी भारतीय नौसेना यानी नेवी में लांस नायक है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था। आरोपी ने आईएसआई एजेंट को देश के युद्धपोतों की तस्वीरें और डिटेल्स भेजी हैं। एटीएस ने मंगलवार को आरोपी आदर्श कुमार उर्फ लकी को आगरा में उसके गांव कागारौल थाने के गांव चीतपुर से दबोचा है। उसकी 22 दिन पहले ही शादी हुई थी। वह हनीमून मनाने दुबई गया था। 3 दिन पहले ही वहां से लौटा था।

### यूपी में हादसा, धुंध में सात वाहन टकराए, 4 की मौत

**नई दिल्ली।** मार्च में ही मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में दिन का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में मंगलवार को अधिकतम तापमान 38C से ज्यादा रहा, लेकिन आज सुबह लखनऊ, कानपुर समेत 15 शहरों में धुंध छाई। इसके कारण शाहजहांपुर में बस-कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत हुई। उन्नाव में भी 4 वाहनों की टक्कर में 10 लोग घायल हुए। राजस्थान में तापमान 40C से ज्यादा रहा, सबसे ज्यादा बाड़मेर में 40.6C रहा। तेज गर्मी के साथ-साथ 2 जिलों में हीटवेव और 19 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है। मध्य प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते से ही तेज गर्मी होने लगी है।

अमेरिकी ने मचाई तबाही, नए सुप्रीम लीडर मोजतबा घायल


# 2000 पाउंड के बंकर-भेदी बमों से ईरान पर अटैक, मिसाइल लॉन्चर ध्वस्त करने का दावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मध्य-पूर्व की जंग अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। अमरीका ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले और तेज कर दिए हैं। अमरीकी वायुसेना अब विशेष रूप से उन ठिकानों को निशाना बना रही है जो जमीन के काफी नीचे बनाए गए हैं और जहां मिसाइलों का बड़ा भंडार मौजूद है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक अमरीका ने ईरान में 2000 पाउंड वजन वाले दर्जनों बंकर-भेदी बम गिराए हैं ताकि नीचे छिपे दुश्मन के अड्डों को खत्म किया जा सके। अमरीकी जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने बताया कि जीपीएस-नियंत्रित इन बमों ने ईरान के कई भूमिगत मिसाइल लॉन्चरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

इधर, दुबई एयरपोर्ट को ईरान ने बनाया निशाना 1 भारतीय सहित 4 जख्मी

मिडिल ईस्ट में चल रही है भयानक जंग



### लेकिन परमाणु ठिकाने बड़ी चुनौती

अमरीकी सेना भले ही मिसाइल क्षमता को चोट पहुंचाने का दावा कर रही हो लेकिन ईरान के भूमिगत परमाणु ठिकाने अभी भी एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं। इन ठिकानों में बड़े पैमाने पर समृद्ध यूरेनियम रखा गया है जिसे केवल हवाई हमलों से पूरी तरह नष्ट करना मुमकिन नही माना जा रहा है।

### जंग के दौरान घायल नए सुप्रीम लीडर

ईरान के नए सुप्रीम लीडर, मोजतबा खामेनेई जंग के दौरान घायल हो गए हैं। ईरान के प्रेसिडेंट के बेटे यूसुफ पेजेशकियन ने कन्फर्म किया है। यह बयान खामेनेई की हेल्थ और उनके ठिकाने को लेकर चल रही अटकलों के बीच आया है। पेजेशकियन ने आगे कहा कि चोटों के बावजूद, नए सुप्रीम लीडर, जिन्होंने यूएस-इजरायल हमलों में अपने पिता अली खामेनेई की मौत के बाद उनकी जगह ली थी, 'सुरक्षित और ठीक' हैं।

### मिडिल ईस्ट युद्ध में किम जोंग की एंट्री



### रूस, चीन के बाद उ. कोरिया ने दिया ईरान को समर्थन

मिडिल ईस्ट अब ग्लोबल रूप लेता जा रहा है। मिडिल ईस्ट युद्ध के 12वें दिन बुधवार को रूस और चीन के बाद अब उत्तर कोरिया भी ईरान के समर्थन में उतर गया है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमलों को अवैध करार दिया और इसे ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन बताया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक एजेंसी केसीएनए के अनुसार, उत्तर कोरिया मानता है कि सर्वोच्च नेता चुनने के अधिकार ईरान का है और वो इसका सम्मान करते है। बता दें कि कल ही किम जोंग उन ने नई क्रूज मिसाइल परीक्षण के बाद उत्तर कोरियाई विध्वंसकों के लिए सुपरसोनिक हथियार तैनात करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया और ईरान मिसाइल तकनीक साझा करते हैं और 2025 में यूएन ने दोनों हथियार व्यापार पर प्रतिबंध लगाए थे।

### दुबई में ड्रोन अटैक से हड़कंप



यूएई के दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बुधवार को दो ड्रोन गिरने से हड़कंप मच गया। इस दौरान हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। वहीं, अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की और बताया कि घायलों में घाना के दो नागरिक और एक, एक भारत व बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि हवाई यातायात पर इन हमलों का कोई असर नहीं पड़ा है और एयर ट्रैफिक पूरी तरह से सामान्य है। वहीं, दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 'अधिकारियों ने कन्फर्म किया है कि कुछ देर पहले दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास दो ड्रोन गिरे। एयर ट्रैफिक सामान्य रूप से चालू है।'

जंग के बीच भारत का प्रयास जारी

# ईरानी विदेश मंत्री को जयशंकर ने किया कॉल, कई मुद्दों पर बातचीत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में भीषण जंग जारी है। हालात सामान्य होने का नाम नहीं ले रहे हैं। लाखों भारतीय भी प्रभावित हैं। इसको लेकर भारत ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरघची को कॉल किया। इस दौरान मिडिल ईस्ट संघर्ष पर दोनों के बीच विस्तार से बात हुई। बता दें कि अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच चल रहे मौजूदा संघर्ष के बाद दोनों नेताओं के बीच यह तीसरी बातचीत थी। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स प्लेटफॉर्म पर खुद इसकी जानकारी दी। जयशंकर ने लिखा कि ईरान के विदेश मंत्री अरघची के साथ चल रहे संघर्ष से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों पर विस्तृत बातचीत हुई। हम संपर्क में रहने पर सहमत हुए। इससे पहले जयशंकर ने 28 फरवरी और 5 मार्च को अरघची से बात की थी।

### क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा

ईरान के विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया कि भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। ईरान और भारत के विदेश मंत्रियों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले जहाजों और जलमार्गों की सुरक्षा पर अमेरिका और इजरायल की सैन्य आक्रामकता के प्रभावों पर विस्तृत बातचीत हुई। फारस की खाड़ी में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान के सैद्धांतिक दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए, ईरान के विदेश मंत्री ने याद दिलाया कि फारस की खाड़ी में जहाजों के लिए उत्पन्न असुरक्षित स्थिति और समस्याएं संयुक्त राज्य अमेरिका की आक्रामक और अस्थिर करने वाली कार्रवाइयों का परिणाम हैं, और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस स्थिति के लिए अमेरिका को जवाबदेह ठहराना चाहिए।

नए पीएम तारिक रहमान ने बढ़ाया भारत की तरफ दोस्ती का हाथ

# बांग्लादेश की रिश्ते सुधारने की पहल, इंटेलिजेंस चीफ को भेजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश की राजनीति में आए बड़े बदलाव के बाद अब पड़ोसी देश भारत के साथ अपने कूटनीतिक और सुरक्षा संबंधों को एक नई दिशा देने की कोशिश में जुट गया है। बांग्लादेश में बीएनपी (पीएनपी) की संभावित मजबूती और तारिक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार ने भारत के साथ अविश्वास की खाई को पाटने के लिए अपने सबसे भरोसेमंद अधिकारी और इंटेलिजेंस चीफ को दिल्ली भेजा है। यह यात्रा तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद बांग्लादेश की ओर से भारत की पहली उच्चस्तरीय सुरक्षा यात्रा मानी जा रही है।



### सुरक्षा और आतंकवाद पर सीधा प्रहार

भारत हमेशा से बांग्लादेश की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए किए जाने पर चिंता जताता रहा है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा साझेदारी को गहरा करना और खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को मजबूत करना था। 2 मार्च को हुई एक डिनर मीटिंग में दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा और आतंकवाद जैसे संवेदनशील मुद्दों पर रोडमैप तैयार किया।

**कूटनीतिक पहल का दिखने लगा जमीन पर असर :** इस कूटनीतिक पहल का असर जमीन पर भी दिखने लगा है। खुफिया यात्रा के तुरंत बाद, पश्चिम बंगाल की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बांग्लादेश के प्रसिद्ध राजनीतिक कार्यकर्ता शरीफ उस्मान बिन हादी की हत्या के दो मुख्य आरोपियों को उत्तर 24 परगना से गिरफ्तार कर लिया है।

### खुफिया प्रमुखों की गुप्त बैठक

सूत्रों के मुताबिक, बांग्लादेश की शीर्ष रक्षा खुफिया एजेंसी 'डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फोर्सेज इंटेलिजेंस' (डीजीएफआई) के नवनियुक्त महानिदेशक, मेजर-जनरल कैसर राशिद चौधरी ने 1 से 3 मार्च के बीच दिल्ली का बेहद महत्वपूर्ण दौरा किया। अपनी इस यात्रा के दौरान उन्होंने भारतीय खुफिया एजेंसी 'रॉ' के प्रमुख पराग जैन और सैन्य खुफिया महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल आरएस रमन के साथ गहन चर्चा की।

आप पार्टी ने टेलीकॉम कंपनियों की मनमानी पर उठाए सवाल

# 'रीचार्ज खत्म होने पर इनकमिंग बंद होना गलत, संसद में उठा मामला'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने मोबाइल फोन उपभोक्ताओं का मुद्दा उठाया है। उन्होंने प्रीपेड मोबाइल यूजर्स की बड़ी परेशानी की ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि प्रीपेड रिचार्ज खत्म होने के बाद उनकी इनकमिंग सर्विसेज भी रुक जाती हैं, जो कि पूरी तरह गलत है। उन्होंने इसे टेलीकॉम कंपनियों की सरासर मनमानी बताया है। राज्यसभा में राघव चड्ढा ने कहा कि ट्राई का डेटा बताता है कि देश में 125 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं। इनमें से 90 फीसदी प्रीपेड मोबाइल यूजर्स हैं। मैं प्री-पेड मोबाइल यूजर्स की ओर से दो बड़ी समस्याएं उठाना चाहता हूं। इसमें पहली समस्या है कि रिचार्ज खत्म होने पर आउटगोइंग कॉल के साथ इनकमिंग कॉल का बंद होना।



### इनकमिंग कॉल्स के बंद होने का उठाया मुद्दा

चड्ढा ने कहा कि जब प्रीपेड प्लान एक्सपायर होता है या रिचार्ज की वैलिडिटी खत्म होती है तो आपकी आवाज बंद कर दी जाती है। ऐसे में फोन मेरा, सिम कार्ड मेरा और नंबर मेरा तो रिचार्ज खत्म होने पर आउटगोइंग बंद होना तो समझ आता है लेकिन इनकमिंग कॉल बंद होना सरासर मनमानी है।

### यह है तीन मांगें

- प्रीपेड मोबाइल में इनकमिंग कॉल और इनकमिंग एसएमएस कम से कम एक साल तक लगातार चलता रहे
- कोई भी मोबाइल नंबर तीन साल बाद डिएक्टिवेट होना चाहिए। ऐसा न हो कि आपका मोबाइल नंबर, बदलकर किसी और अलॉट कर दिया जाए
- मोबाइल ऑपरेटर्स की ओर से इनकमिंग के लिए कम कीमत में रिचार्ज की सुविधा होनी चाहिए। जिससे इनकमिंग कॉल-एसएमएस की सुविधा लोगों को मिलती रहे

मंदिर समिति ने प्रस्ताव को दी सर्व सम्मति से मंजूरी, अगले महीने से प्रस्ताव लागू


# बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में गैर सनातनी के प्रवेश पर रोक

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में इस वर्ष से गैर सनातनी का प्रवेश वर्जित रहेगा। मंदिर समिति के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि यह फैसला अगले महीने शुरू हो रही यात्रा से लागू होगा और अब गैर सनातनी, मंदिर परिसरों और गर्भगृहों में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। इससे पहले उन्होंने कहा था कि गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक की व्यवस्था आदि शंकराचार्य के समय से ही है और भारतीय संविधान भी धार्मिक स्थलों के प्रबंधन का अधिकार देता है। 'बदरीनाथ और केदारनाथ धाम कोई पर्यटक स्थल नहीं बल्कि आस्था के केंद्र हैं। ये वैदिक केंद्र हैं जिनकी स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी।

### खास बातें

- समिति अध्यक्ष ने कहा- धाम पर्यटक स्थल नहीं बल्कि आस्था के केंद्र
- अप्रैल में खुलेंगे दोनों धाम



### कब खुलेंगे बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट

*बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल और केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुलेंगे। चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व से होगी जब गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे।*

### गंगोत्री धाम में भी गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध

उत्तराखंड के गंगोत्री धाम में भी गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। श्री गंगोत्री मंदिर समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। यह प्रतिबंध न केवल गंगोत्री धाम पर बल्कि मां गंगा के शीतकालीन निवास मुखबा पर भी लागू होगा। श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश सेमवाल ने इस फैसले के बारे में जानकारी देते हुए कहा था कि धाम में गैर-हिंदुओं का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध देवी के शीतकालीन निवास मुखबा पर भी लागू रहेगा। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड सरकार हरिद्वार के 120 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले 105 घाटों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है। यह कदम कुछ संतों और गंगा सभा के अनुरोधों के जवाब में उठाया जा रहा है। राज्य सरकार कथित तौर पर हरिद्वार और ऋषिकेश दोनों को 'सनातन पवित्र शहर' (पवित्र नगर) घोषित करने की योजना बना रही है।

सीबीआई के उड़े होश!

# रेलवे अधिकारी के पास मिला करोड़ों का सामान


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य रेलवे के मुख्य विद्युत वितरण अभियंता (सीईडीआई) और दो निजी व्यक्तियों को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने 40 करोड़ के टेंडर की दलाली में रिश्वतखोरी का भंडाफोड़ किया। मध्य रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के घर की जब तलाशी ली गई तो करोड़ों की कीमत का सामान मिला, जिसने जांच एजेंसी के अधिकारियों के भी हैरान कर दिया।मामला 9 मार्च को दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें भारतीय रेलवे विद्युत अभियंता सेवा के 2003 बैच के अधिकारी पर निजी कंपनी को 40.54 करोड़ रुपये के टेंडर में अनियमितताओं से



फायदा पहुंचाने का आरोप है। आरोपी सीईडीई ने कंपनी के हितधारकों से साठगांठ कर 40 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, यह टेंडर आवंटन पूरी तरह सुनियोजित साजिश का हिस्सा था, जो रेलवे के विद्युत वितरण कार्यों से संबंधित था।



# भूत बंगला का पोस्टर जारी अक्षय पेड़ से उल्टा लटके दिखे

**मुंबई।** अक्षय कुमार कीअपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के टीजर से ठीक पहले उन्होंने अपना एक पोस्टर रिलीज किया है। इस पोस्टर में चमगादड़ों के बीच अक्षय पेड़ से उल्टा लटके नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में जी जान लगाकर जुटे नजर आ रहे हैं। जल्द ही उनकी ये हॉरर कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। हालांकि, इस वक्त फैन्स को फिल्म के टीजर का इंतजार है, लेकिन इससे पहले अक्षय कुमार ने एक सरप्राइज अपने फैन्स को दिया है। अक्षय ने 'भूत बंगला' का पोस्टर जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपनी अपकमिंग फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए एक फनी कैप्शन भी दिया है।

## लाइफStyle

# अदा
## बर्बाद हो गई है मेरी जिंदगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'द केरल स्टोरी' फेम अदा शर्मा ने एक वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। एक्ट्रेस ने बताया है कि वह एक साल तीन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही थीं। लेकिन, फिर हालात कुछ ऐसे बने हैं कि उनके पास 1 महीने से कोई काम नहीं हैं। वह कहती हैं, 'मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई है।

इमोशनली, मेंटली, प्रोफेशनली, फाइनेंशियली बेकार।' साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा बीते 1 महीने से घर पर खाली बैठी हैं। उनके पास काम नहीं है। 33 साल की अदा ने वीडियो शेयर कर अपनी आपबीती सुनाई है। वह बताती हैं कि एक फिल्म के शेड्यूल में दिक्कतों की वजह से उनके दूसरे प्रोजेक्ट्स की टाइमलाइन में भी अटक गई है। इस कारण वह पिछले एक महीने से घर पर 'वेल्ली' बैठी हैं। एक्ट्रेस ने इंस्ट्राग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में, एक प्रोड्यूसर के साथ अपने बुरे अनुभव का जिक्र किया है। बताया है कि वह बार-बार एक प्रोजेक्ट का शूटिंग शेड्यूल बदल देते थे। ऐसे में आखिरकार अदा के दूसरे प्रोजेक्ट्स के डेट्स भी आपस में क्लैश हो गए। साल 2008 में विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म '1920' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली अदा शर्मा ने बताया कि एक ही समय में उन्होंने तीन प्रोजेक्ट्स के लिए कमिट किया था। हालांकि, पहली फिल्म का शेड्यूल बदलता रहा, जिससे उन दूसरे प्रोडक्शन्स की टाइमलाइन पर असर पड़ने लगा, जिन पर उन्हें काम करना था। पहली फिल्म के प्रोड्यूसर ने पहले से तय डेट्स को बनाए रखने पर जोर दिया और उनके मैनेजर पर किसी भी कीमत पर इसे पूरा करने का दबाव डाला।



# धुरंधर 2 और उस्ताद भगत सिंह से पहले इन फिल्मों के बीच हो चुका है क्लैश...

**मुंबई।** 19 मार्च को 'धुरंधर 2' और 'उस्ताद भगत सिंह' के बीच बॉक्स ऑफिस पर बड़ी टक्कर होने वाली है। इससे पहले भी बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हो चुके हैं। बॉक्स ऑफिस क्लैश का मुकाबले दिखाते हैं कि अच्छी कहानी, स्टार पावर और दर्शकों का प्यार दोनों ही फिल्मों को सफल बना सकता है।

***गदर 2/ जेलर :*** सनी देओल की 'गदर 2' 11 अगस्त 2023 को रिलीज हुई थी। सनी की इस फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। एक दिन पहले 10 अगस्त को रजनीकांत की 'जेलर' रिलीज हुई थी, जो तमिलनाडु और विदेशों में बहुत सफल रही। दोनों फिल्में अलग-अलग जगहों में हिट हुईं और साथ-साथ अच्छा बिजनेस किया।

***डंकी/ सालार: भाग 1 :*** शाहरुख खान की फिल्म डंकी 21 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। वहीं साउथ स्टार प्रभास की एक्शन फिल्म सालार 22 दिसंबर को रिलीज हुई थी। 'सालार' ने बड़े स्क्रीन्स और दक्षिण में दबदबा बनाया, जबकि 'डंकी' शहरों के मल्टीप्लेक्स में अच्छी चली। दोनों में कड़ी टक्कर दिखाई दी।

***जीरो/ केजीएफ 1 :*** 21 दिसंबर 2018 को शाहरुख खान की 'जीरो' और यश की 'केजीएफः चैप्टर 1' आमने-सामने आईं। 'जीरो' उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी, लेकिन




'केजीएफ' ने पूरे देश में जमकर कमाई की। इस ब्लॉकबस्टर फिल्म ने कमाई के मामले में इतिहास रच दिया। इस फिल्म ने कन्नड़ सिनेमा को नई ऊंचाई दी।

***वॉर 2/ कुली :*** पिछले साल 2025 में 14 अगस्त को ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' और रजनीकांत की 'कुली' रिलीज हुईं। 'वॉर 2' उम्मीद के मुताबिक नहीं चली, जबकि 'कुली' ने अच्छा बिजनेस किया। इन दोनों फिल्मों के मुकाबले में 'कुली' ने बाजी मारी।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी/ कांतारा चैप्टर 1 :*** पिछले साल 2 अक्टूबर को वरुण धवन-जान्हवी कपूर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी और ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 आमने-सामने आईं। शहरी दर्शकों के लिए बॉलीवुड फिल्म की उम्मीद थी, लेकिन 'कांतारा' के सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की।

# बायोपिक खोलेगी पॉपस्टार के जीवन के राज



**लॉस एंजिल्स।** 'किंग ऑफ पॉप' कहे जाने वाले माइकल जैक्सन की बॉयोपिक 'माइकल' जल्द रिलीज होने वाली है। मगर इसके पहले मेकर्स ने इसके सिनेमाघरों में रिलीज के पहले स्पेशल स्क्रीनिंग रखने का फैसला किया है। इस शो को बुधवार 22 अप्रैल को एक दिन के लिए रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में दिवंगत पॉप सिंगर माइकल जैक्सन के बचपन से लेकर जवानी तक के सफर को दिखाया जाएगा। माइकल के जन्म परिवार और फिर खुद को संगीत में खोजने के तरीकों के बारे में भी दर्शक काफी कुछ जान पाएंगें। फिल्म माइकल जैक्सन के स्टेज और निजी जीवन की कई परतें खोलने के साथ उनके संघर्ष को भी दिखाएंगी। इन सबके साथ फैंस के लिए यह अपने स्टार की लाइफ को पर्दे पर देखना एक अलग ही अनुभव होगा। यह फिल्म 'माइकल' 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अदिवि-मृणाल की फिल्म की रिलीज डेट बदली


**मुंबई।** आगामी 19 मार्च को बॉक्स ऑफिस पर बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' दस्तक देने वाली है। इसकी रिलीज से पहले कई फिल्मों ने अपनी रिलीज डेट में बदलाव किए हैं। इसमें अब 'डकैत' का नाम भी जुड़ गया है। फिल्म 'धुरंधर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह इंतजार आगामी 19 मार्च को पूरा हो रहा है। इसी दिन पहले अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैत' भी रिलीज होने वाली थी। मगर, अब ऐसा नहीं होगा। सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' और 'डकैत' की भिड़ंत नहीं होगी। 'डकैत' के मेकर्स ने रिलीज से हफ्तेभर पहले तारीख बदल दी है। अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'डकैत' के लिए दर्शकों को अभी और इंतजार करना होगा। इसकी रिलीज डेट अगले महीने यानी अप्रैल में खिसका दी गई है। यह फिल्म अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव का आधिकारिक एलान किया। यह फिल्म अब 10 अप्रैलको सिनेमाघरों में आएगी।

# दीपिका के मन में बैठ गया है डर

**नई दिल्ली।** 'ससुराल सिमर का' फेम दीपिका कक्कड़ को पिछले साल लिवर में कैंसर का पता चला था, जिसका उन्होंने इलाज करवाया था लेकिन ये बीमारी फिर उभर



आई। जिसकी सर्जरी फरवरी महीने में हुई थी। उसके बारे में शोएब ने सारा अपडेट फैंस को दिया था। अब लेटेस्ट व्लॉग में उन्होंने और उनके पति शोएब इब्राहिम ने यूट्यूब चैनल पर डेली लाइफ रूटीन शेयर की। इस दौरान एक्ट्रेस भावुक हो गईं। क्योंकि उनका अगले हफ्ते ब्लड टेस्ट होना है। उन्होंने कहा कि उनके मन में एक डर बैठ गया है। दीपिका कक्कड़ ने अभिनय से दूरी बना ली है। वह अपनी हेल्थ के कारण परेशान रहती हैं। लेटेस्ट व्लॉग में शोबए ने बताया कि एक्ट्रेस को अपनी नई डाइट और रूटीन के कारण कुछ दिन अजीब लगे। उन्होने कहा, 'दीपिका की नई डाइट बनाई गई है। वह उसे फॉलो कर रही हैं। सुबह 7 बजे रोज उठती हैं और टहलने जाती हैं। इसके बाद शाम 7 बजे के बाद वह कुछ खा नहीं सकती हैं।' दीपिका ने बताया कि वह अपने चैनल पर कुछ फूड रेसेपी व्लॉग्स शूट करना चाहती थीं, जो नहीं कर सकीं।



# नीम करोली बाबा की भूमिका में दिखेंगे

**मुंबई।** भारत में धार्मिक मान्यताओं का अपना महत्व है। इन्हीं मान्यताओं के हिसाब से हनुमान जी के अवतार माने जानेवाले नीम करोली बाबा के भक्तों में देश और दुनिया भर के लोग शामिल हैं। कहा जाता है कि उनके भक्तों में स्टीव जॉब्स और मार्क जुकरबर्ग जैसे लोग शामिल हैं। अब नीम करोली बाबा पर एक फिल्म बनकर तैयार है। इस फिल्म में नीम करोली बाबा के रोल में मराठी एक्टर सुबोध भावे नजर आनेवाले हैं। पूजनीय आध्यात्मिक गुरू नीम करोली बाबा के जीवन को बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी चल रही है। फिल्म प्रड्यूसर शरद सिंह ठाकुर नीम करोली बाबा 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' की जीवनी पर फिल्म लेकर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि इस फिल्म के लिए नीम करोली बाबा के परिवार से सहमति ले ली गई है और उनकी जिंदगी को लेकर काफी रिसर्च भी किया गया है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म का उद्देश्य बाबा की शिक्षाओं और विरासत से लोगों का परिचय कराना है।

## टीवी मसाला



# बहन की मौत के बाद उसके बच्चों की मां बनी ये एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** 'हप्पू की उल्टन पलटन' में राजेश हप्पू सिंह का रोल प्ले करने वालीं गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की खातिर कभी शादी न करने का फैसला किया। बहन की मौत हुई तो उनके बच्चों की जिम्मेदारी गीतांजलि ने ली और मिसाल कायम की। पर कभी रिश्तेदारों ने उनका जीना दूभर कर दिया था। उनकी कहानी भावुक कर देगी। गीतांजलि मिश्रा....इन्हें आपने 'क्राइम पेट्रोल' से लेकर 'सावधान इंडिया', 'बालिका वधू' और अब 'हप्पू सिंह की उल्टन पलटन' जैसे टीवी सीरियलों में देखा होगा। 'हप्पू की उल्टन पलटन' में गीतांजलि मिश्रा ने एक्ट्रेस कामना पाठक को रिप्लेस किया और राजेश सिंह का किरदार निभा रही हैं, जो इंस्पेक्टर हप्पू सिंह की पत्नी हैं। गीतांजलि मिश्रा भले ही राजेश सिंह का कॉमिक किरदार निभा रही हैं, पर उन्हें लोग उनके निभाए नेगेटिव किरदारों के लिए ही याद करते हैं। इस कारण उन्हें लोगों की भी खूब बातें और ताने सुनने पड़े। एक्ट्रेस आज भी सिंगल हैं? गीतांजलि मिश्रा 39 साल की हो चुकी हैं, पर उन्होंने बहन के बच्चों की खातिर अपना घर नहीं बसाया। बहन के गुजर जाने के बाद गीतांजलि मिश्रा ने बहन के बच्चों की मां बनकर एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसके बारे में जान हर कोई गर्व करेगा। गीतांजलि मिश्रा की जड़ें बनारस से जुड़ी हुई हैं। उनके मम्मी-पापा बनारस के रहने वाले हैं, पर वह खुद मुंबई में पैदा हुई थीं। हालांकि, पिता का कई साल पहले निधन हो गया, जिसके बाद मां ने उन्हें अकेले ही पाला। गीतांजलि ने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 5 साल की थीं, तो तभी मां उन्हें लेकर मुंबई आ गईं। मुंबई में मां ने दूध और सब्जी बेचकर पैसे कमाए ताकि गुजारा हो सके।




| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4.9 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~5.5 Yrs | ~8.9 Yrs | ✓ Faster recovery |

MARUTI SUZUKI AUTHORISED DEALERS: RAIPUR: HDN MOTORS: TATIBANDH: 7909800007, 7909800005. SKY AUTOMOBILES: MAHOBA BAZAR: 9893307422, 9584433191. AVANTI VIHAR: 9109900120/ 9584433131.TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. SPARSH AUTOMOBILES: PACHPEDI NAKA: 9669800435, 9039632618. GARIYABAND: : 8435119922. VISHWABHARTI AUTOMOBILES: MOWA: 6262620000, 6262620019, 6262620030. ARANG: 6262000456, 6262620034.

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Goa as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989.

## केरलम में पीएम मोदी ने राहुल पर बोला हमला

# फंसे भारतीयों की सुरक्षा में जुटी सरकार, कांग्रेस कर रही राजनीति

एजेंसी ▶▶| कोच्चि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने त्रिशूर लोकसभा सीट और तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में भाजपा की जीत का जिक्र किया। उन्होंने भरोसा जताया कि भाजपा की यह सफलता अब पूरे केरलम में फैलेगी। पीएम ने कहा कि केरलम में एलडीएफ और यूडीएफ के बारी-बारी शासन करने के पुराने तरीके को बदलना अब बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अगले पांच साल एनडीए को सेवा का मौका देने की अपील की। उन्होंने जनता को मोदी की गारंटी का भरोसा दिया। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राजकुमार केरल और भारत के युवाओं की सोच को नहीं समझते। उन्होंने केरल के भविष्य के लिए अपनी योजना साझा की। उन्होंने कहा कि हम केरल को एआई और भविष्य की नई तकनीक का बड़ा केंद्र बनाने के लिए काम करेंगे।



**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**Office of the Executive Engineer**
**Irrigation Division, Jasidih Camp-Deoghar**

**E-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- WRD/Irr. Div., Jasidih camp-Deoghar/ SBD-IFB-01/2025-26 Dt :11.03.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of CD at ch. 1715/1709, ch. 1754/1748, ch. 1784/1778, ch. 1843 & ch. 2064.00, DLR Bridge at ch. 1728, ch. 1747/1750 & ch. 2000.00 and SLR Bridge at ch. 1824.00 of Punasi Main Canal |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 06,70,24,396.07 (Rs. Six crore seventy lakh twenty four thousand three hundred ninty six and seven paisa) only/- |
| 3. | Time of Completion | 360 Days |
| 4. | Last date & Time for receipt of bids | 06.04.2026 Up to 5:00 P.M. |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 16.03.2026 01:00 P.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer Irrigation Division, Jasidih Camp-Deoghar |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 097710-63448 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06432-232477 |

**Note :- Only E-Tender will be accepted**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Irrigation Division, Jasidih**
**Camp-Deoghar**
PR 374711 Water Resource(25-26)§D

## फैसला लेने केंद्र को दी दो हफ्ते की मोहलत

# दिव्यांग सैन्य कैडेटों को लाभ देने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान विकलांगता के कारण सेना से बाहर किए गए अधिकारी कैडेटों को लाभ देने से संबंधित फैसले में देरी करने के लिए केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने चेतावनी दी कि वह रक्षा और वित्त मंत्रालयों के सचिवों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश देगा। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्ज्वल भुयान की पीठ ने कहा कि उसने 20 जनवरी को केंद्र को 6 हफ्ते का समय दिया था। अदालत ने कहा, 'हालांकि, इस मामले में कोई प्रगति नहीं हुई है। हम यह समझने में असमर्थ हैं कि इस अदालत द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मुद्दे को उठाने के बावजूद रक्षा मंत्रालय और वित्त मंत्रालय की ओर से कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई है।'

### रक्षा और वित्त मंत्रालय की ओर से नहीं आई है कोई प्रतिक्रिया



### दो सप्ताह का दिया अतिरिक्त समय

सुप्रीम कोर्ट ने मंत्रालयों को निर्णय लेने के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया है और ऐसा न कर पाने पर अधिकारियों को अदालत में तलब करने की बात कही है। पीठ ने कहा, 'इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि हमने संबंधित मंत्रालयों को पहले ही पर्याप्त समय दे दिया है, हम यह कहने के लिए विवश हैं कि अगर इस मामले में कोई प्रगति नहीं होती है तो हम रक्षा सचिव और वित्त सचिव को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देने के लिए विवश होंगे।' अब इस मामले की सुनवाई 24 मार्च 2026 को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने एक अखबार में प्रकाशित उन रिपोर्टों के आधार पर इस मामले को स्वतः संज्ञान में लिया था , जिनमें ट्रेनिंग के दौरान विकलांगता के कारण शीर्ष सैन्य संस्थानों से निष्कासित किए गए अधिकारी कैडेटों की दुर्दशा का वर्णन था और सशस्त्र बलों और केंद्र से इस पर प्रतिक्रिया मांगी थी।


### यह दिया गया था निर्देश

7 अक्टूबर, 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि इन सुझावों को सेना, नौसेना और वायु सेना के मुख्यालयों के समक्ष रखा जाए ताकि वे इन कैडेटों के पुनर्वास के लिए एक योजना तैयार कर सकें। 16 दिसंबर को सुनवाई के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भट्टी ने अदालत को सूचित किया कि तीनों सेना प्रमुख सिफारिशों के बारे में सकारात्मक थे और दोनों मंत्रालयों की प्रतिक्रिया का इंतजार था। मंगलवार को एएसजी द्वारा उसी रुख को दोहराने पर, बेंच गुस्से में आ गई और कहा कि हमें अब सचिवों को यहां बुलाना होगा। सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भट्टी ने अदालत से समन जारी करने से पहले कुछ और समय देने का आग्रह किया, अन्यथा उन्हें पेश होने के लिए कहा जा सकता है।

## दो भाइयों ने खेला था मुनाफे का खेल

# देश के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले में 'पहली' गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने 20,000 करोड़ के गेन बिटकॉइन क्रिप्टो घोटाले में डार्विन लैब्स के सह-संस्थापक आयुष वार्ष्णेय को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक डार्विन लैब्स ने उस डिजिटल ढांचे को तैयार किया था, जिस पर कथित तौर पर चल रहे गेन बिटकॉइन घोटाले की पूरी तकनीकी प्रणाली आधारित थी। सीबीआई के अनुसार आयुष वार्ष्णेय इस मामले के मुख्य आरोपियों में शामिल हैं। एजेंसी ने उनके खिलाफ पहले ही लुक आउट सर्कुलर जारी कर रखा था। सोमवार को जब वह देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तब मुंबई एयरपोर्ट पर अलर्ट जारी होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया।




## पश्चिम-एशिया में चल रहे युद्ध में हुई दो भारतीयों की मौत, 1 लापता : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी युद्ध के बीच विदेश मंत्रालय ने पहली बार मारे गए भारतीयों की संख्या की आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है। बुधवार को मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अभी तक इस संघर्ष के दौरान 2 भारतीय नागरिकों की मौत हुई है। जबकि 1 अन्य लापता है। उन्होंने कहा कि ये घटना उस वक्त हुई। जब भारत के ये तमाम लोग उन व्यापारिक जहाजों पर सवार थे। जिन्हें संघर्ष क्षेत्र के समुद्र में हुए हमलों के दौरान निशाना बनाया गया था। पूरे घटनाक्रम में क्षेत्र में कुछ भारतीय खाड़ी क्षेत्र में घायल भी हुए हैं। इनमें से एक भारतीय इजरायल में घायल हुआ है। जबकि ऐसी ही एक सूचना हमें दुबई से भी मिली है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। साथ ही कहा कि समूचे क्षेत्र में भारत के कुल करीब 1 करोड़ लोग हैं।



## केकड़े की टांगें और लॉबस्टर पर खर्च किए 83 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने ईरान पर हमले से ठीक पहले भारी फिजूलखर्ची की है। एक सरकारी वॉचडॉग रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सितंबर 2025 में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने एक महीने में $93 अरब से ज्यादा खर्च किए। यानी 7.63 लाख करोड़ रुपये. इसमें 82.76 करोड़ रु. सिर्फ केकड़े की टांगें और लॉबस्टर पर खर्च हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगे खाने का यह बढ़ता खर्च अक्सर बड़े सैन्य ऑपरेशन की निशानी माना जाता है। ईरान युद्ध शुरू होने से पहले यह खर्च हुआ, जिससे अमेरिकी टैक्सपेयर्स में गुस्सा है।

ओपन द बुक्स रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर 2025 में पेंटागन द्वारा किए गए महंगे खर्च में लॉबस्टर टेल – $6.9 मिलियन (लगभग 63.45 करोड़ रुपये), अलास्कन किंग क्रैब – $2 मिलियन (लगभग 18.39 करोड़ रुपये), कुल क्रैब और लॉबस्टर – $9 मिलियन (लगभग 82.76 करोड़ रुपये), रिबआइ स्टेक – $15.1 मिलियन (लगभग 138.84 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**टेक्नीशियन/हेल्पर**

आवश्यकता है- Hitachi Service Center धमतरी में A.C Tech-4पद, A.C Helper -6 पद, कम्प्युटर ऑपरेटर- 2 पद, मों. नं.- 9926388911, 98271-88911. (आरो-6699)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- चायपत्ति के पैकिंग कार्य लड़की व महिला और पुरूष, लड़को की जरूरत है पता - जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह संपर्क करें मों.- 74699-80000, 0771-4075490. (आरो-6698)

**इलेक्ट्रीशियन/मेकेनिक**

आवश्यकता है- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्पर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364 (आरो-40095)

**ऑफिस/फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- जेल रोड, रायपुर में ऑफिस/फील्ड कार्यों के लिए ऑफिस स्टाफ (चपरासी) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट व शराब-गुटखा आदि का सेवन न करने वाले ही संपर्क करें। संपर्क: 8839812454. (आरो-7247)

**लॉन्ड्री कार्य**

आवश्यकता है- लॉन्ड्री शॉप के लिए कपड़े इस्त्री करने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें: 9993003346. (आरो-6601)

**CFO/CA/HR**

REQUIREMENT- Construction Company required having minimum experience of 3 years: 1. CFO-1Nos. 2. CA-1Nos. 3. Auditor-1Nos. 4. HR-1Nos. 5. Senior Accountant-2Nos. 6. Accountant-3Nos. 7. Purchase Manager-1Nos. 8. Store In-charge-1Nos. Interested candidates may please contact and send their resume to jobs.amar-infra@gmail.com Selected candidates will be called for walk-in-interview AMAR INFRA-STRUCTURE LTD., Near Mahesh Nagar, Durg (C.G. ) Ph: 97524-64577, 97525-95953. (आरो न.-10407)

**अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- एक अकाउंटेंट जिस कंप्यूटर का ज्ञान हो फ्रेशर, अनुभवी ,पार्टटाइम एवं एक मेहनती लड़के की जो पैकिंग कार्य कर सके MIG/117 हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान के पास भिलाई 9200544505. (आरो-235)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**क्लीनिक/ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- क्लिनीक/ऑफिस में कार्य हेतु,दसवीं/ बारहवीं पढ़े लड़की / लड़के की आवश्यकता है, स्थायी निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार मो.- 9303242200, 7987365434 मिलने का समय- सुबह 10बजे से 1बजे तक पता:-स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राइट फर्नीचर के पीछे दुर्ग(छ.ग.) (आरो न.-4140)

**सिक्योरिटी गार्ड**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित सुरक्षा एजेंसी हेतु तत्काल सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है आयु 18–45 वर्ष। 14,000 प्रतिमाह संपर्क:- Target Security Service ऑफिस:- 5/9, Priyadarshini Parisar East, G.E. Road, Supela, Bhilai: 9399646319, 7470845654. (आरो नं.-234)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु लड़को एंव लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपार्क समय 12 से 6 प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर 9826113735. (आरो-170)

**दुकान कार्य/ड्राइवर**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर की दुकान में कार्य करने लड़के /लड़कियों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार गुरुनानक इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर गुरुद्वारा रोड श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर 9893332145. (आरो-173)

**गोडाउन कार्य**

आवश्यकता है- कुक्कुट आहार एवं दवाई की गोडाउन में काम करने हेतु युवक / युवतियों की आवश्यकता है। संपर्क, मोबाइल, 9301650004, 9826140005. (आरो-6688)

**गोदाम कार्य/ड्राइवर**

आवश्यकता है- सैनिटरी गोदाम में काम करने के लिए एक लड़के ओर एक ड्राइवर की जरूरत है पचपेड़ी नाका रायपुर संपर्क 99777-77703. (आरो-171)

**पेट्रोल पम्पकर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में काम करने लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, बायोडाटा सहित संपर्क करें:- 9826111220. (आरो-403)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- प्लांट सुपरवाइजर (2 वर्ष का अनुभव) की आवश्यकता है। कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी, रायपुर मो नं. 9425202114. (आरो-0357)

**दुकान कार्य/ड्राइवर**

आवश्यकता है- डिस्पोजल दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को एवं ई-रिक्शा चालक की आवश्यकता हैं। सम्पर्क- रूबी प्लास्टिक, बंजारी मंदिर के सामने, बंजारी चौक, गोलबाजार, रायपुर, मो. 9977220005, 8827300000 (आरो-060)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल:- 9329103178. (आरो-827)

**खाना मिस्त्री/हेल्पर**

आवश्यकता है- फैक्ट्री कैन्टीन में खाना मिस्त्री, किचन हेल्पर, रोटी मिस्त्री, खाना देने के लिए एवं बर्तन धोने हेतु आदमियों की आवश्यकता है पता- बिलासपुर (छ.ग.) सम्पर्क करें- 9993334937, 8871824812 (आरो-40173)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़को की , आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया +कोई नियुक्ति शुल्क नहीं लगेगा संपर्क, 9165407080, 9165820635. (आरो-501)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - रायपुरा वृंदावन कॉलोनी के पास आवासीय 800 वर्गफीट एवं 1000 वर्गफीट पूर्व पश्चिम दिशा का प्लाट बेचना हैं। सम्पर्क करें- पारस कंसट्रक्शन, मो. 9827192035, 9204936794. (आरो-057)

**सेटअप**

बेचना है - अमृत तुल्य चाय का पूरा सेटअप बेचना है। सम्पूर्ण स्टील का सेटअप है। साथ में मोमोज काउंटर भी बेचना है। पता- रायपुरा चौक रायपुर संपर्क करे- 7898966800 (आरो-6700)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्क:- 7489545029 (आरो-1346)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या संस्थाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**CLASSIFIED RATE CARD** — हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME
WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.
COLOUR 20% Extra Charge For Disply
5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले

शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# डीजीसीए की अनुमति बिना विदेशी एयरलाइंस की लैंडिंग नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के नागरिक उड्डयन नियामक निदेशालय नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में संचालन करने वाली विदेशी एयरलाइंस के लिए नए और सख्त नियम लागू किए हैं। नए निर्देश के मुताबिक अब कोई भी विदेशी एयरलाइन डीजीसीए की औपचारिक अनुमति के बिना भारत में लैंडिंग नहीं कर सकेगी। उसे पहले डीजीसीए से औपचारिक मंजूरी लेनी होगी। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि एयरलाइंस के संचालन पर बेहतर नियंत्रण रखा जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस भारतीय विमानन नियमों और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें। इस नियम से एयरलाइंस और भारतीय विमानन प्राधिकरणों के बीच बेहतर समन्वय भी सुनिश्चित होगा।



### कई सख्त कदम उठाए

इस मुद्दे पर नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में भी जानकारी दी। उन्होंने दिसंबर 2025 में इंडिगो की उड़ानों में हुई गड़बड़ियों से जुड़े सवालों के जवाब में कहा कि सरकार ने एयरलाइंस की जवाबदेही बढ़ाने और संचालन से जुड़ी समस्याओं को रोकने के लिए कई सख्त कदम उठाए हैं। मंत्री ने बताया कि डीजीसीए ने नियमित निगरानी प्रणाली और वरिष्ठ विमानन अधिकारियों द्वारा सीधे निरीक्षण की व्यवस्था लागू की है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी एयरलाइंस नियमों का सही तरीके से पालन करें।

# लखनऊ में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध का किया शंखनाद

**लखनऊ।** अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मंगलवार को लखनऊ पहुंचे, जहां से वह 11 मार्च से शुरू होने वाले तीन दिवसीय गो-प्रतिष्ठा जनजागरण अभियान की शुरुआत की। शहर पहुंचते ही उन्होंने हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हो गए, जहां शीतला अष्टमी के अवसर पर आयोजित मुख्य सभा में गो-प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध अभियान का औपचारिक शंखनाद किया। भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। आशियाना, पीजीआई और कृष्णानगर थाने की पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है, जबकि आयोजन स्थल पर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक तीन दिन के कार्यक्रम के लिए आयोजकों की ओर से करीब 4.5 लाख रुपये का शुल्क स्मारक समिति में जमा कराया गया है।



### 26 शर्तों के साथ कार्यक्रम की अनुमति

शंकराचार्य ने कहा, दरअसल, लखनऊ प्रशासन ने 26 शर्तों के साथ कार्यक्रम की अनुमति दी है। इसके मुताबिक, सभा में धर्म, जाति, समुदाय या भाषा के खिलाफ भड़काने वाली कोई बात नहीं होगी। शंकराचार्य ने 30 जनवरी को योगी सरकार को 40 दिन का अल्टीमेटम दिया था। उन्होंने तब कहा था- गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें, वरना आंदोलन करेंगे। शंकराचार्य ने 7 मार्च को वाराणसी से यात्रा शुरू की थी। जौनपुर, सुल्तानपुर, सीतापुर होते हुए 4 दिन में लखनऊ पहुंचे। वह आज रात लखनऊ में ही रुकेंगे। गुरुवार सुबह की फ्लाइट से अहमदाबाद रवाना होंगे।



हरी सब्जियां हर मौसम में उपलब्ध रहती हैं। इन सब्जियों के सेवन से न केवल इम्यूनिटी बढ़ती है, जरूरी विटामिंस और मिनरल्स शरीर को मिलते हैं। साथ ही कई तरह के रोगों से भी बचाव होता है। हरी सब्जियों के सेवन से होने वाले फायदों के बारे में जानिए।

## पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं हरी सब्जियां

**डाइट सजेशन**
**डॉ. अनुजा चौहान**
**डाइटीशियन**



आजकल की इस आपा-धापी भरी जीवनशैली में लोग स्वस्थ रहने के लिए नेचुरल चीजों के बजाय महंगे सप्लीमेंट्स और सुपर फूड्स पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं। जबकि हर मौसम में प्रकृति हमें पोषक तत्वों से भरपूर ऐसे फल, सब्जियां प्रदान करती है, जो सस्ते और आसानी से उपलब्ध होते हैं। ये शरीर की जरूरत के अनुसार ऊर्जा और पोषण प्रदान करते हैं और हमें कई रोगों से भी बचाते हैं।

**हर मौसम में उपलब्ध:** हमारे देश में मौसम के अनुसार अलग-अलग तरह की हरी सब्जियां उगाई जाती हैं। सर्दी के मौसम में जहां हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे-पालक, मेथी, बथुआ, सरसों, सोया और केल खूब मिलते हैं। वहीं गर्मी के मौसम में करेला, भिंडी, तरोई, चौलाई का साग, पत्ता गोभी का सेवन किया जा सकता है। ब्रोकली, शिमला मिर्च, लौकी जैसी हरी सब्जियां लगभग हर मौसम में मिल जाती हैं। ये सभी



हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। ये सब्जियां हमारे स्थानीय बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

**होते हैं कई पोषक तत्व:** सभी हरी सब्जियां, कैलोरी में कम और पोषण में अधिकतम होने की वजह से इनको 'न्यूट्रिएंट डेंसिटी' वाली डाइट भी कहा जाता है। ये सब्जियां विटामिंस, मिनरल, फाइबर और फाइटोकेमिकल्स से भरपूर होती हैं। मेथी और सरसों का साग फोलेट, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट्स का प्रचुर स्रोत माने जाते हैं। देखा गया है कि एक कप कच्चे पालक में दैनिक आवश्यकता का विटामिन-ए, विटामिन-के, आयरन कैल्शियम मिलता है। इतना ही नहीं, हरी सब्जियां क्लोरोफिल से भरपूर होती हैं, जो खून की शुद्धिकरण और ऑक्सीजन परिवहन में सहायक होता है।

**कई रोगों से करे बचाव:** हरी सब्जियों में मौजूद ल्यूटिन, जियाजैंथिन और बीटा-कैरोटिन जैसे यौगिक, फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, उन्हें नष्ट कर शरीर से बाहर करने में सहायक होते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों में नाइट्रेट्स जैसे तत्वों की मौजूदगी हृदय रोग के जोखिम को कम करने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मददगार होती है। कुछ हरी सब्जियां जैसे सरसों, केल, ग्लूकोसाइनोलेट्स नामक यौगिक छोड़ती हैं, जो फ्री रेडिकल्स के विकास को रोकने में सहायक होता है। इनके अतिरिक्त विटामिन-के का अच्छा स्रोत होने की वजह से ये सब्जियां हड्डियों में कैल्शियम के जमाव और ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स और उच्च फाइबर के कारण ये ब्लड शुगर को स्थिर रखती हैं। हरी सब्जियां इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाने में सहायता करती हैं। इनमें मौजूद ल्यूटिन और जियाजैंथिन कंपाउंड आंखों की कोशिकाओं को मजबूती देता है। विटामिन सी और ए, रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। इस प्रकार हरी पत्तेदार सब्जियां पोषण का सबसे किफायती और प्रभावी स्रोत हैं। ये ना केवल बीमारियों से बचाती हैं, बल्कि समग्र स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करती हैं। अपने संतुलित आहार में इन्हें प्रमुख स्थान दें और प्रकृति के इस अनमोल उपहार का पूरा लाभ उठाएं। लेकिन इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी डाइट में मौसम के अनुसार अलग-अलग प्रकार की हरी सब्जियां शामिल करें। *

**प्रस्तुति: संध्या रानी**

---

स्पेशल: वर्ल्ड किडनी डे, 12 मार्च

शरीर में मौजूद छोटा सा एक जोड़ी अंग किडनी, बहुत महत्वपूर्ण काम करता है। इसमें गड़बड़ी होने से आपको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि किडनी में किन वजहों से किस तरह की समस्याएं हो सकती हैं? साथ ही यह भी जानिए कि किडनी की प्रॉपर केयर आप कैसे कर सकते हैं?

## किडनी की करें प्रॉपर केयर

**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. मनीषा सहाय**
**एचओडी-नेफ्रोलॉजी**
**उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज, हैदराबाद**







शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कई अंग बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन अंगों में से एक किडनी भी है। राजमा के आकार का शरीर का छोटा-सा अंग किडनी, क्लीनिंग मैकेनिज्म का महत्वपूर्ण काम करती है और शरीर में टॉक्सिंस, इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बनाए रखती है।

**किडनी के कार्य:** किडनी में नेफ्रॉन नामक सूक्ष्म वाहिकाओं वाले फिल्टर यूनिट (करीब 10 लाख) होते हैं, जो ग्लोमेरूलर फिल्ट्रेशन प्रक्रिया के माध्यम से शरीर में तकरीबन 140 लीटर खून साफ करते हैं। ग्लूकोज, अमीनो एसिड, प्रोटीन और इलेक्ट्रोलाइट्स (सोडियम, पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम) जैसे एसेंशियल तत्व फिल्टर किए रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में वापस चले जाते हैं। जबकि यूरिक एसिड, क्रिएटिनिन जैसे टॉक्सिक पदार्थ, अतिरिक्त पानी ब्लैडर में जमा होते जाते हैं और यूरिन के जरिए शरीर से बाहर निकल जाते हैं। साथ ही किडनी एरिथ्रोपोइटिन हार्मोन (रेड ब्लड सेल्स बनाने में सहायक), रेनिन हार्मोन (सोडियम लेवल को सामान्य बनाने और ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने) का स्राव करती है। हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती के लिए जरूरी एक्टिव विटामिन-डी के निर्माण में भी सहायक है।

**ऐसे होती है समस्या:** कई कारणों से किडनी के फिल्टर्स को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से किडनी ठीक तरह से काम नहीं कर पाती। ध्यान न देने पर किडनी के टिश्यू धीरे-धीरे खराब होने लगते हैं और कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। अनदेखी करने या समुचित उपचार न कराने पर किडनी खराब होने लगती है। व्यक्ति एक्यूट किडनी फैल्योर, क्रॉनिक किडनी फेल्यॉर, नेफ्रोटिक सिंड्रोम जैसी किडनी की बीमारियों का शिकार हो जाता है। व्यक्ति को असमय मौत का सामना भी करना पड़ सकता है। जबकि प्रारंभिक स्तर पर ही इलाज शुरू कर दिया जाए तो काफी हद तक इसे डैमेज होने से बचाया जा सकता है।



**किडनी प्रॉब्लम्स के कारण:** कई गलत आदतें और बीमारियां किडनी खराब होने का कारण बनती हैं। जैसे-हेल्दी लाइफस्टाइल न होना। हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, पॉलिसिस्टिक किडनी डिजीज, किडनी डिस्प्लेसिया, यूटीआई इंफेक्शन जैसी गंभीर बीमारी होना। घर का बना पौष्टिक और संतुलित आहार के बजाय जंक या प्रोसेस्ड फूड का सेवन अधिक करना। आहार में नमक और चीनी की मात्रा अधिक होना। खाने में ऊपर से नमक डालकर खाना। पानी या अन्य तरल पदार्थ जरूरत से कम मात्रा में लेने से डिटॉक्सीफाई न हो पाना। कई तरह के नेचुरल या आर्टिफिशियल हेल्थ प्रोडक्ट्स, हेल्थ टॉनिक या प्रोटीन सप्लीमेंट्स के गैर-जरूरी सेवन से किडनी में इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी होना। पेनकिलर, एंटी बायोटिक या अपने मन से दवाओं का ज्यादा सेवन करना। आनुवांशिक किडनी बीमारियां होना जैसे- ऑटोसोमल डॉमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज, हाइपरॉक्सालुरिया, किडनी डिस्प्लेसियाएनेफ्रोनोफ्थिसिस डिसऑर्डर। इंटरस्टीशियल नैफ्राइटिस एलर्जी, यूटीआई एपाइलोनेफ्राइटिस जैसे किडनी इंफेक्शन होना। लंबे समय तक यूरिन रोके रहना। नियमित रूप से व्यायाम न करना। एल्होहल का सेवन करना।

**किडनी रोगों के लक्षण:** किडनी की बीमारी को साइलेंट किलर कहा जाता है। कुछ लक्षण किडनी में गड़बड़ी होने की ओर इशारा करते हैं, जिनसे व्यक्ति को सचेत हो जाना चाहिए और यथाशीघ्र डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे-शरीर के विभिन्न हिस्सों में सूजन आना। खासकर सुबह उठने पर आंखों के आस-पास सूजन होना और शाम होते-होते पैर और टखनों में सूजन आना। बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होना या यूरिन रुक-रुक कर आना। सामान्य से अधिक या कम यूरिन आना, दिन के बजाय रात को यूरिन ज्यादा आना। यूरिन में एलब्यूमिन-एरिथ्रोपोएटिन नामक प्रोटीन का रिसाव होना, यूरिन का पीला या भूरे रंग का होना, झाग आना या बदबू आना, यूरिन करते हुए जलन होना। कमजोरी और थकान महसूस करना। भूख कम लगना, पेट में जलन और दर्द रहना, घबराहट रहना जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं होना। मांसपेशियों में खिंचाव होना।

**न करें इग्नोर:** स्वस्थ शरीर के लिए हेल्दी किडनी जरूरी है। किडनी संबंधी समस्या होने पर व्यक्ति को बिना देर किए नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर को दिखाना चाहिए। अर्ली स्टेज में बीमारी पकड़ में आने पर आगे का ट्रीटमेंट प्लान हो सकता है।

**डायग्नोसिस:** किडनी की फिल्टर क्षमता को जांचने के लिए ग्लोमेरूलर फिल्टरेशन रेट (जीआरएफ) टेस्ट, ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, बायोप्सी जैसे टेस्ट कराए जाते हैं।

**ट्रीटमेंट का तरीका:** मरीज और रोग की स्थिति के हिसाब से उपचार किया जाता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर को पहले कंट्रोल किया जाता है। एक्यूट किडनी फेल्योर के मरीज का उपचार अगर सही समय पर शुरू कर दिया जाता है, तो मेडिसिन से उसे ठीक किया जा सकता है। किडनी ज्यादा खराब होने पर डायलिसिस का सहारा लिया जाता है, जिसमें किडनी का ब्लड फिल्टर करने का काम मशीन अस्थाई तौर पर करती है। स्थिति गंभीर हो जाने पर किडनी ट्रांसप्लांट आखिरी उपाय है, जिसके लिए किडनी डोनेशन की जरूरत रहती है।




**ऐसे करें किडनी केयर:** इन बातों को फॉलो करके आप अपनी किडनी की प्रॉपर केयर कर सकते हैं।

- अगर आपकी किडनी डिजीज की फैमिली हिस्ट्री है, तो रेगुलर मेडिकल चेकअप कराएं। 45 साल से ज्यादा उम्र के लोग साल में एक बार होल बॉडी चेकअप कराएं। किडनी जांच के लिए केएफटी जरूर करवाएं।
- डायबिटीज, ब्लड प्रेशर होने का पता चले तो आप अपना यूरिन टेस्ट और किडनी फंक्शन टेस्ट जरूर कराएं। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए डायबिटीज को कंट्रोल में रखें।
- वेट कंट्रोल रखें। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं।
- न्यूट्रीशन से भरपूर बैलेंस डाइट लें। कार्बोहाइड्रेट सीमित मात्रा में लें। यथासंभव रिफाइंड सफेद चीजों (चीनी, नमक, मैदा, चावल) के सेवन से बचें। इनके बजाय मल्टीग्रेन आटा, ब्रेड को आहार में शामिल करें।
- पालक, साग, टमाटर जैसी चीजों से परहेज रखें। लौकी, तोरई, परवल, टिंडा और फूलगोभी, किडनी के लिए फायदेमंद हैं। इन में पानी ज्यादा और पोटेशियम कम होता है।
- फ्रूट्स का इनटेक अच्छा रखें। सेब, पपीता और अमरूद फायदेमंद हैं।
- रोजाना 3-4 ग्राम से ज्यादा नमक न खाएं। खासकर खाने में ऊपर से डाला गया सॉल्ट पूरी तरह अवॉइड करें। अचार, पापड़, नमकीन और डिब्बा बंद बिस्कुट से दूरी बनाकर चलें।
- जंक या फास्ट फूड का सेवन न करें।
- हाइड्रेशन स्टेटस मेंटेन रखें। मौसम, शरीर और काम के हिसाब से पानी पिएं। कम पानी पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ शरीर में इकट्ठे होने लगते हैं। लेकिन ज्यादा पानी पीना भी किडनी के लिए नुकसानदायक है।
- डेली कम से कम 6 घंटे की नींद जरूर लें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

### इसलिए मनाते हैं वर्ल्ड किडनी डे



**किडनी की** समस्या आज उम्रदराज लोगों में ही नहीं, युवाओं और बच्चों में भी देखी जा रही है। 10 में से 1 व्यक्ति किडनी डिजीज का शिकार हो रहा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के हिसाब से दुनिया भर में करीब 85 करोड़ लोग किडनी डिजीज से जूझ रहे हैं। हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और श्वसन रोगों के विपरीत किडनी डिजीज से होने वाली मृत्यु दर निरंतर बढ़ रही है। हर साल क्रॉनिक किडनी डिजीज से तकरीबन 24 लाख लोगों की मौत भी हो जाती है। अनुमान है कि 2040 तक नॉन-कम्यूनिकेबल डिजीज से होने वाली मौतों का पांचवां सबसे बड़ा कारण किडनी डिजीज होगा। किडनी डिजीज के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए हर साल मार्च के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है। इस साल की थीम है- सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य: लोगों की देखभाल, धरती की सुरक्षा।

---






**प्रिकॉशन/ डॉ. माजिद अलीम**

## हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकते हैं डॉक्टर एआई

आज के समय में विभिन्न आयुवर्ग के बहुत से लोग अपने या अपने परिवार के सदस्यों की बिगड़ती सेहत या किसी बीमारी के लक्षण दिखने पर डॉक्टर की सलाह लेने की बजाय, पहले कदम के रूप में एआई का ही सहारा लेते हैं।

**निर्भरता हो सकती है रिस्की:** हर स्वास्थ्य समस्या के लिए सोशल मीडिया या एआई टूल का उपयोग करना रिस्की हो सकता है। साल 2023 में प्रकाशित एक स्टडी में यह दावा किया गया कि टेलीमेडिसिन पर दी गई हेल्थ कंसल्टेंसी 30 प्रतिशत मामलों में अधूरी या गलत होती है। आमतौर पर एआई से हम अपनी बीमारी के सामान्य लक्षण के आधार पर उनसे सलाह लेते हैं। किसी मरीज की पर्सनल मेडिकल हिस्ट्री या गंभीर बीमारी को एआई भला कैसे समझ सकता है। इसलिए इन पर निर्भर होना गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम बढ़ा सकता है। मुंबई में कार्यरत पैथोलॉजिस्ट डॉ. राजेश बेंद्रे का कहना है, 'अधिकांश एआई उपकरण पश्चिमी आबादी के डेटा का उपयोग करके बनाए गए हैं, जो भारतीय संदर्भ का सही प्रतिनिधित्व नहीं करते और इससे उनकी सटीकता भी सीमित हो जाती है।'



**डॉक्टर से कंसल्टेशन है जरूरी:** एआई के विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी एआई उपकरण के साथ डॉक्टर की सलाह के बिना उस सलाह पर भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है। खांसी, जुकाम, बुखार जैसी छोटी बीमारियों के अलावा यह गंभीर बीमारियों पर भी लागू होता है। एआई विशेषज्ञ जसप्रीत बिंद्रा का कहना है, 'डॉक्टर की निगरानी हमेशा इस प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए।' एआई हमें अधिक जानने, बेहतर शोध करने और यहां तक कि नई चीजों की खोज करने में मदद कर सकता है। लेकिन डॉक्टरी सलाह अभी भी बहुत महत्वपूर्ण है। जसप्रीत बिंद्रा के अनुसार, 'मानव चिकित्सक रोगी का समग्र रूप से इलाज करते हैं न कि बाहरी लक्षणों के आधार पर। वे तनाव, जीवनशैली या छुपे हुए लक्षणों पर भी विचार करते हैं, जिन्हें एआई अनदेखा कर सकता है। इसलिए मेडिकल कंसल्टेंसी के लिए एआई का उपयोग करते समय डॉक्टर की सलाह लेना भी जरूरी है।'

**बरतें सावधानी:** सोशल मीडिया की सलाह आपकी हेल्थ को भारी नुकसान पहुंचा सकती है। इससे बचने में ही समझदारी है। इसी तरह सोशल मीडिया पर जो डॉक्टर कैमरे के सामने लोगों को फ्री कंसल्टेंसी देते हैं, उनकी भी सलाह तभी माननी चाहिए, जब आप उनसे पर्सनल कॉन्टेक्ट कर, मिलकर उनसे सलाह लें। सोशल मीडिया पर मेडिकल हेल्थ कंसल्टेंसी देने वाले व्यक्ति की योग्यता और उसकी प्रमाणिकता की भी जांच जरूरी है। *




## जैकेट के शेष

### बजा आईपीएल का ....

2026 के पहले 16 दिनों (20 मैचों) का ही शेड्यूल जारी किया है और बाकी कार्यक्रम बाद में घोषित होगा। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में कुल दो मैच खेले जाने हैं। आरसीबी की टीम मई में ही यहां खेलने आएगी, जिससे दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का रायपुर आना भी तय हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि रायपुर में आरसीबी का रोमांचक मुकाबला मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स या राजस्थान रॉयल्स जैसी बड़ी टीमों से हो सकता है।

### 16 दिन में 4 डबल ....

फाइनल मुकाबला उसी के होमग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रखा गया है। आरसीबी ने पिछले सीजन के फाइनल में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराकर पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में 4 ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं। जहां आईपीएल के मैच होने हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

### देश में पहली ....

सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने वाला यह आदेश 2023 में संशोधित किए गए 2018 के उस फैसले के अनुरूप है जिसमें गरिमा के साथ मृत्यु के मौलिक अधिकार को मान्यता दी गई थी।

### पहली दफा 101 ....

पहली बार एक ही स्थान से 3 करोड़ 61 लाख रूपए नगद के अलावा 1 किलो सोना भी बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 64 लाख रुपये आंकी गई है। समर्पण के दौरान डीजीपी अरुण देव गौतम, एडीजी नक्सल अभियान विवेकानंद सिन्हा, एडीजी बीएसएफ सिवांग नामग्याल, आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम, आईजी सीआरपीएफ श्री शालीन, आईजी छसबल बीएस ध्रुव के अलावा बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के एसपी व केंद्रीय सुरक्षा बलों तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। **समर्पित नक्सलियों में डीवीसीएम व एसीएम कैडर** : आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों में माओवादी संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी शामिल रहे। इनमें 5 डिवीजनल कमेटी सदस्य (डीवीसीएम), 2 जोनल स्तर कंपनी के प्रमुख पदाधिकारी (सीवायपीसीएम), 15 प्लाटून पार्टी कमेटी के मेंबर (पीपीसीएम), 21 एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) तथा 63 पार्टी सदस्य (पीएम) शामिल हैं। इन सभी पर मिलाकर लगभग 3.29 करोड़ रुपये की इनाम राशि घोषित है जो इस सामूहिक आत्मसमर्पण को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास की एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बनाती है।

### 26 माह में 2714 ....

माओवादी कैडर हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। वहीं केवल बस्तर सभांग में ही समर्पण करने वालों की संख्या 26 सौ से अधिक है। बस्तर संभाग में 1 जनवरी 2024 से लेकर 9 मार्च 2026 तक कुल 2625 माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण कर सामान्य जीवन की राह अपनाई है। आईजी ने कहा कि मुख्यधारा में लौट आये माओवादी कैडर्स के पुनर्वास, सुरक्षा एवं सम्मानजनक जीवन के लिए अवसर प्रदान कर उन्हें समाज में अंगीकृत करने भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की नीतियों के अनुरुप सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।

### ये हथियार बरामद ....

एलएमजी, 20 थ्रीनॉटथ्री रायफल, 25 नग 12 बोर राइफल, 11 बीजीएल लांचर, एक 51 मिमी मोर्टार, तीन 315 बोर राइफल, 13 नग तथा एक नग मेगा बीजीएल शामिल हैं। सुरक्षाबलों द्वारा समर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से कुल 101 हथियार बरामद किए गए हैं। इनमें सर्वाधिक बरामदगी नारायणपुर जिले से 49 हथियार, बस्तर से 24, सुकमा से 12, बीजापुर से 09, दंतेवाड़ा से 05 तथा कांकेर से 02 हुई है।

### बस्तर में बंदूक ....

छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय इस बात का स्पष्ट संकेत है कि बस्तर में शांति, सुशासन और विकास की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले इन माओवादी कैडरों में 44 महिला माओवादी भी शामिल हैं। यह दर्शाता है कि बस्तर के लोगों में अब विकास और शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।
मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति, सुरक्षा बलों के समन्वित प्रयासों तथा बस्तर क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के कारण बड़ी संख्या में माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। इससे बस्तर में शांति का वातावरण मजबूत हो रहा है और आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

### गुजरात आ रहे थाई कार्गो ....

अनुसार, मयूरी नारी नामक इस जहाज को ओमान के उत्तरी तट से लगभग 11 समुद्री मील दूर निशाना बनाया गया था।

### ट्रंप बोले- कभी ....

इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि ईरान में सैन्य ठिकानों और लक्ष्यों पर बड़े पैमाने पर हमले हो चुके हैं।

### पूर्व गृहमंत्री के ....

कि संदीप कंवर स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 12 एबी 1868 को चला रहा था और बुधवारी की दोपहर लगभग 2 बजे उसकी कार से एक सेवई की दुकान से जा टकराई। घटना के बाद जब दुकान संचालक बुजुर्ग अजीम कुरैशी ने संदीप कंवर को समझाने की कोशिश की, तो मामला शांत होने के बजाय और बिगड़ गया। आरोप है कि नशे में धुत संदीप कंवर ने बुजुर्ग के साथ मारपीट शुरु कर दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदीप कंवर को कार सहित कोतवाली थाने ले जाया गया। अजीम कुरैशी की शिकायत पर पुलिस ने संदीप के खिलाफ धारा 296, 351(3), 115(2), 324 (4), 281, 125 (ए) बीएनएस एवं 184, 185 एमव्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### फर्जी दाखिलों की ....

पर दुर्ग में बीपीएल/अंत्योदय कार्ड का गलत इस्तेमाल कर अपात्र बच्चों का दाखिला और वेबसाइट हैकिंग के मामले सामने आए थे। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने इसे गंभीर मानते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। जवाब देने और कार्रवाई में देरी पर कोर्ट ने बुधवार तो नाराजगी जताई है। अगली सुनवाई में फर्जीवाड़े में शामिल लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण प्रस्तुत अनिवार्य रूप से करने कहा गया है। ज्ञात हो कि यह पूरा मामला निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों का हक मारे जाने से संबंधित है।

### कोर्ट की कड़ी ...

प्रक्रिया चल रही है। और इसके लिए विभागीय स्तर पर समिति गठित कर 5 जनवरी 2026 को बैठक भी की गई है।

### पोर्टल में ...

प्राप्त शिकायतों के निराकरण में अधिकांश जिलों में प्रगति हुई है। दुर्ग जिले में 183 शिकायतें, रायपुर जिले में 157 शिकायतें, बिलासपुर जिले में 100 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इनमें से बिलासपुर की 99 शिकायतें निपटा दी गई हैं, जबकि एक शिकायत आरटीई सर्वर में तकनीकी समस्या के कारण लंबित है। हालांकि, याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से यह आपत्ति उठाई गई कि केवल पोर्टल पर आई शिकायतों का निराकरण हुआ है, जबकि व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों को दी गई कई शिकायतें अब भी लंबित हैं।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. WAT-TRD-61-25-26, दिनांक: 05.03.2026

**स्थान सहित कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के अलग-अलग TSS में ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर का ऑग्मेंटेशन (Augmentation) कार्य।

**निविदा मूल्य :** ₹ 1,40,33,294.56, EMD : ₹ 2,20,200/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 11 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 31.03.2026 को 1500 बजे।

संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), वाल्टियर
PR-1206/Q/25-26

**CHANGE OF NAME**

I Mustab Quraishi S/o Sheikh Maksood R/o H-No-8/27, Lalbagh, State Bank Colony, Lal Bahadur Shastri Ward 08, Jagdalpur, Bastar, Chhatisgarh - 494001, have changed my name to Sheikh Mushtab

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**उन्नयन कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-215-25-26, दि. 05-03-2026 कार्य : सहायक मंडल अभियंता/पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टेंगनमाड़ा, वेंकटनगर निगौरा और जैतहरी रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का ऊंचा उठाना/उन्नयन। निविदा मूल्य: 6,58,71,824.80/-, अमानत राशि: ₹ 4,79,400.00/-, कार्य पूर्णता की अवधि: 18 माह।
निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 17–03–2026 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथि: 31–03–2026 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.) द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
सीपीआर/10/FL/743
South East Central Railway @secrail

**पूर्व तट रेलवे**

सूचना सं. eT-East-WAT-03-2026
दिनांक: 03.03.2026

**कार्य का नाम :** एजेन्सी (केवल RDSO अनुमोदित फर्म) द्वारा 5 वर्षों के लिए वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता/पूर्व/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन में कर्व पर 116 ट्रैक माउन्टेड ऑटोमैटिक गेज फेस लुब्रिकेटर्स (इलेक्ट्रोनिक टाइप) की आपूर्ति, संस्थापन, शुरुआत एवं रख-रखाव।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 15,03,89,967.84, EMD : ₹ 9,02,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 60 (साठ) महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 27.03.2026 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पन्द्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-1210/Q/25-26

## पेज एक के शेष

### खेत से उखाड़ी अफीम की फसल, 100 से...

इस मामले में अब तक पांच लोगों को हिरासत में लिए जाने की बात कही जा रही है। अधिकारी कार्रवाई पूरी होने के बाद जब्त अफीम के फसल की स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे है लेकिन जब्त किए गए अफीम की कीमत करोड़ो में आंकी जा रही है। बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी अंतर्गत त्रिपुरी गांव के सरनाटोली में 10 मार्च को अफीम की खेती किए जाने का खुलासा हुआ था। जंगल किनारे त्रिपुरी निवासी रूपदेव भगत व कौशल भगत के खेत में अफीम की फसल लहलहा रही थी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद जिले से लेकर प्रदेशभर में हड़कंप मच गया।

### घबराएं नहीं, बुकिंग के...

दिन में भारत पहुंचने वाले हैं। इससे देश में ईंधन की स्थिति और मजबूत होगी। वर्तमान में भारत की रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं ताकि पेट्रोलियम उत्पादों की कमी न हो। इधर, एलपीजी सिलेंडरों की कमी से होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक कैंटीनों को अपने संचालन में कटौती करनी पड़ रही है। कई जगहों पर व्यवसायों को वैकल्पिक ईंधन अपनाना पड़ा है, जबकि कुछ प्रतिष्ठान अस्थायी रूप से बंद भी हो गए हैं।

### घरघोड़ा वन क्षेत्र में दो हाथी शावकों...

सुहाई जंगल के पास दो शावक हाथियों की लाश देखी गई। दोनों हाथियों की उम्र लगभग दो से ढाई साल बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आ गया। एसडीओ फॉरेस्ट घरघोड़ा आशुतोष मंडावा और वन परिक्षेत्र अधिकारी तमनार विक्रांत सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी।

### स्पीकर को हटाने विपक्ष का...

अमित शाह ने विपक्ष द्वारा बिरला के आचरण पर लगाए गए तमाम आरोपों का तथ्यों के साथ दो टूक अंदाज में करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव लाना ही है तो प्रधानमंत्री के खिलाफ लाइए। लेकिन बीते चार दशक के

### महानगरों की तर्ज ...

विकसित किया जाएगा और भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास का एक प्रमुख ग्रोथ इंजन बनेगा। बैठक में प्राधिकरण के उद्देश्य, कार्यप्रणाली, गतिविधियों तथा राजधानी क्षेत्र के समग्र और योजनाबद्ध विकास की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की परिकल्पना शहर की बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार-वाणिज्य और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की पहली बैठक अत्यंत सार्थक रही है और विभिन्न विषयों पर हुई विस्तृत चर्चा के सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। **विशेषज्ञ सलाहकार होंगे नियुक्त** : बैठक में राजधानी क्षेत्र में क्षेत्रीय मोबिलिटी और लॉजिस्टिक्स के विकास, मेट्रो संचालन के लिए टेक्नो-इकोनॉमिक फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वेक्षण कार्यों के संचालन तथा इसके लिए विशेषज्ञ सलाहकारों की नियुक्ति पर विचार किया गया। साथ ही प्राधिकरण के प्रशासकीय और वित्तीय अधिकारों के प्रत्यायोजन, ऑडिट सेवाओं के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति और प्लानिंग प्रभाग के लिए विशेषज्ञ सलाहकारों की सेवाएं लेने के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई।
**कार्ययोजना पर हुआ विचार** : बैठक में राजधानी क्षेत्र विकास एवं निवेश योजना तैयार करने की कार्ययोजना पर भी विचार किया गया। इसके अंतर्गत निवेश क्षेत्रों का विधिवत चिन्हांकन, आवश्यक सर्वेक्षण, अनुसंधान एवं अध्ययन तथा चरणबद्ध रूप से परियोजनाओं के क्रियान्वयन की रणनीति तैयार की जाएगी।

**बैठक में शामिल हुए मंत्री, अधिकारी** : बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मुख्य सचिव विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकित आनंद, नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., एनआरडीए के सीईओ चंदन कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### महानगरों की ...

होंगे। यह क्षेत्र बड़े महानगरों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा और भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास का एक प्रमुख ग्रोथ इंजन बनेगा।

### अपेक्षाएं बढ़ीं, ..

आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्टेट कैपिटल रीजन की घोषणा से जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं और इन अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित योजना और समयसीमा के अनुरूप पूरे किए जाएं तथा प्रगति की नियमित रूप से उच्चस्तरीय समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

### समुद्र में फंसे...

1 मार्च 2026 के बीच गोवा तट के पास समुद्र में किए गए। इस दौरान अलग-अलग परिस्थितियों में कुल चार इन-फ्लाइट रिलीज़ ट्रायल सफलतापूर्वक पूरे किए गए।

**छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित**
**(सं./ सं.) संभाग, छराविविकंम, न. राजिम**

क्र कार्य/ नरा/ सा/ प्रका/ 5989 न.राजिम दिनांक – 11.03.2026

**:: आवश्यक सूचना ::**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि न राजिम (सं./सं.) संभाग के अंतर्गत 132/33 केव्ही उपकेन्द्र कोमा से 33 केव्ही बकली परसदाजोशी फीडर का उर्जीकरण दिनांक 12.03.2026 दिन गुरूवार से कभी भी किया जा सकता है। उक्त लाईन ग्राम- रावड, बकली, कोमा, कुम्ही, दुतकैया, अरंड से होकर गुजर रही है अतः समस्त जन सामान्य से अनुरोध है कि उपरोक्त 33 केव्ही लाईन से दूरी बनाये रखें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना घटित न हों।

"बिजली की बचत करें"
"विद्युत देयक का भुगतान समय पर कर असुविधा से बचें"

(एच. एस. प्रसाद)
कार्यपालन यंत्री (सं./ स.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. न.राजिम

**कार्यालय नगर पंचायत फिंगेश्वर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**
Email ID - cmofingeshwar@gmail.com

क्रमांक/3137/ न.पं./लो.नि.शा./2025-26 फिंगेश्वर, दिनांक 11.03.2026

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पंचायत फिंगेश्वर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रू.लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 187020 | Development Works of Muktidham at Ward Number 07 Fingeshwar Dist.- Gariyaband (C.G.) | 21.71 | 06.04.2026 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत फिंगेश्वर
जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पंचायत मारो, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

क्रमांक/ 1291/ लो.नि.वि. / न.पं./ 2025-26 मारो, दिनांक 10.03.2026

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डर निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 186953 | वार्ड क्र. 03 में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मंगल भवन निर्माण कार्य। | 75.20 |
| 2 | 186943 | वार्ड क्र. 07 में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य। | 99.96 |
| 3 | 186946 | वार्ड क्र. 07 में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य। | 72.08 |

उपरोक्त निविदा ऑनलाईन द्वारा दिनांक 06/04/2026 समय 17:30 बजे से आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छ.ग. शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in व विभागीय वेबसाईट uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा आमंत्रण से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जायेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मारो

**।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।**

क्रमांक /921 / भ.श. / न.पा.नि. / 2026 दुर्ग, दिनांक 27.02.2026

**-:: आम सूचना ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निबंधन तथा शर्ते ) नियम 2013 के अनुसार मे. लक्ष्मी एसोसिएट्स भागीदार श्री रौनक देशलहरा आ. श्री अनिल देशलहरा एवं अन्य निवासी जवाहर चौक, दुर्ग को तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 38 ख.नं. 15002/1 (0.6765 हे.), 15008/1 (9.5705 हे.), 15002/15 (0.1408 हे.) व 20 (0.2870 हे.) कुल रकबा 10.6748 हे. में से 9.3360 हे. पर फेज-4 का आवासीय (भूखण्डीय) विकास कार्य प्रारंभ करने की अनुमति, कालोनी विकास अनुमति क्र. 87 दिनांक 12.01.2026 प्रदान की गई है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में रखे गये MORTGAGE, EWS & LIG हेतु आरक्षित भूखण्डों का विवरण आम जनता की जानकारी के हेतु दी जा रही है, जो कि निम्नानुसार है :-

| क्र. | आरक्षण का प्रकार | भूखण्ड क्र. | भूखण्ड संख्या | रकबा प्रति भूखण्ड | कुल रकबा |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | LIG | भूखण्ड क्र. L-1 से L-8 | 08 | 90.015 व.मी. | 720.12 व.मी. |
| 02. | EWS | भूखण्ड क्र. W-11 से W-22 | 12 | 35.00 व.मी. | 420.00 व.मी. |
| 03. | MORTGAGE | भूखण्ड क्र. A-7 | 1 | 992.24 व.मी. | 992.24 व.मी. |
| 04. | | भूखण्ड क्र. A-8 | 1 | 976.88 व.मी. | 976.88 व.मी. |
| 05. | | भूखण्ड क्र. A-15 | 1 | 952.08 व.मी. | 952.08 व.मी. |
| 06. | | भूखण्ड क्र. A-16 | 1 | 992.71 व.मी. | 992.71 व.मी. |
| 07. | | भूखण्ड क्र. C-5 | 1 | 139.79 व.मी. | 139.79 व.मी. |
| 08. | | भूखण्ड क्र. C-11 | 1 | 360.00 व.मी. | 360.00 व.मी. |
| 09. | | भूखण्ड क्र. C-16 | 1 | 456.11 व.मी. | 456.11 व.मी. |
| 10. | | भूखण्ड क्र. C-23 | 1 | 352.48 व.मी. | 352.48 व.मी. |
| 11. | | भूखण्ड क्र. C-60 to C-62, C-67 to C-69 | 6 | 186.05 व.मी. | 1116.30 व.मी. |
| 12. | | भूखण्ड क्र. C-88 | 1 | 252.38 व.मी. | 252.38 व.मी. |
| 13. | | भूखण्ड क्र. C-89 | 1 | 230.42 व.मी. | 230.42 व.मी. |

उपरोक्त बंधक (MORTGAGE) भूखंडों को क्रय करने के पूर्व नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नही, इसके संबंध में कालोनाइजर से बंधक मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नही होने की स्थिति में बंधक भूखंडों को क्रय ना किया जावे।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम दुर्ग

**कार्यालय, नगर पंचायत - गुण्डरदेही, जिला - बालोद (छ.ग.)**
Email id:-n.p.gunderdehi@gmail.com

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/2096/ लो.नि.शा./न.पं./2025-26 दिनांक 11/03/2026


नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारो से नीचे उल्लेखित अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन के माध्यम से निविदा आमंत्रित कि जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | निविदा डाउनलोड / सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 186867 | Construction of sports Complex at ward 13 Old High School Graound | 14.00 | 01.04.2026 को शाम 5.30 बजे तक |
| 2 | 186868 | Beautification of Naya Talab Baghmara | 20.00 | |
| 3 | 186869 | Construction of Complex at ward 13 Sports Graound indore stadium | 25.00 | |
| 4 | 186870 | Shed Work at ward No 02 Near Community Hall and Ward 10 Near Ramsagar | 30.00 | |
| 5 | 186871 | Construction of Garden at ward No 14 And Repyring Work Shyamaprasad Mukhrji Bhavan | 19.00 | |
| 6 | 186872 | Construction of Chowk At Diffrent Side Of Gunderdehi | 28.50 | |
| 7 | 186873 | Beautification Of Shitla Talab | 30.00 | |
| 8 | 186874 | Beautification Of Ramsagar Talab, Pachrikaran' Towall Work | 30.00 | |
| 9 | 186875 | Construction Of C.C. Road At Ward No. 11 Pramod Dhaba To Basti | 14.71 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की विस्तृत निविदा शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से व ई- प्रोक्योरमेन्ट वेबपोर्टल Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट Main Portal:http//uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर देखी / प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुण्डरदेही


## राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।



**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।



**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6162



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3


**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 6161 का हल



## सूडोकू नवताल - 6172

कठिनतम



### सूडोकू नवताल - 6171 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

# शेयर मार्केट में जोरदार गिरावट, सेंसेक्स 1,342 अंक फिसला, निफ्टी 24 हजार के नीचे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,342 अंक का गोता लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार में एक दिन की बढ़त के बाद गिरावट आई।

कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली दबाव से भी बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,342.27 अंक यानी 1.72 प्रतिशत लुढ़क कर 76,863.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसमें 1,446.72 अंक तक की गिरावट आई थी। बीएसई में सूचीबद्ध 2,380 शेयरों में गिरावट आई जबकि 1,881 शेयर लाभ में रहे। वहीं 153 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 394.75 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,866.85 अंक पर बंद हुआ।



### पश्चिम एशिया में तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है और उतार-चढ़ाव भी बढ़ा है, जिससे निवेशकों का भरोसा कमजोर बना हुआ है।' उन्होंन कहा, 'कच्चे तेल की आपूर्ति में प्रभावित होने की आशंका, बढ़ती मुद्रास्फीति और आर्थिक वृद्धि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताएं निवेशकों को सतर्क बनाए हुए हैं। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली और रुपये में कमजोर रुख ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति को और कम कर दिया है।'

### बाजार में सतर्क रुख अपनाए जाने संभावना

*जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि आने वाले समय में, बाजार में सतर्क रुख अपनाये जाने संभावना है क्योंकि निवेशकों को नए निवेश से पहले अमेरिकी और घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों और वृहद आर्थिक मोर्चे पर स्पष्ट संकेतों की प्रतीक्षा है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5.76 प्रतिशत बढ़कर 92.86 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 4,672.64 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।*

### गिरावट के तीन कारण

**मुनाफावसूली से बाजार पर दबाव**

*हाल के दिनों में बाजार में अच्छी तेजी देखने को मिली थी, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफा बुक करना शुरू कर दिया। कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। खासकर ऑटो, बैंकिंग और वित्तीय सेक्टर के शेयरों पर दबाव रहा। महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस जैसे बड़े शेयरों में 3 से 4 फीसदी तक गिरावट देखी गई।*

**मिडिल ईस्ट तनाव से बढ़ी चिंता**

*अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने भी निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। इस भू-राजनीतिक स्थिति का असर वैश्विक बाजारों पर भी देखने को मिला। निवेशकों को डर है कि अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो इसका असर महंगाई और वैश्विक आर्थिक वृद्धि पर पड़ सकता है।*

**बाजार की दिशा पर निवेशकों की नजर**

*विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल बाजार पर वैश्विक घटनाक्रम और विदेशी निवेशकों की एक्टिविटी का बड़ा असर रहेगा। अगर वैश्विक तनाव कम होता है और विदेशी निवेशक फिर से खरीदारी शुरू करते हैं, तो बाजार में स्थिरता लौट सकती है। तब तक निवेशकों को सावधानी के साथ निवेश करने की सलाह दी जा रही है।*

# चांदी 4,275 रुपए टूटी सोना 900 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ चांदी 2.75 लाख रुपए प्रति किलोग्राम, सोना 1.65 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 4,275 रुपए टूटकर 2.75 लाख रुपए प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने की कीमत 900 रुपए बढ़कर 1.65 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमत 4,275 रुपए या 1.53 प्रतिशत टूटकर 2,75,000 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,79,275 रुपए प्रति किलोग्राम से कम है। हालांकि, सोने की कीमत में बढ़ोतरी हुई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपए या 0.54 प्रतिशत बढ़कर 1,65,600 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। विश्लेषकों ने कहा कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच 'सुरक्षित-निवेश' वाली परिसंपत्ति के रूप में सोने की मांग फिर से बढ़ने से सोने की कीमतों को सहारा मिला, जबकि चांदी पर दबाव बना रहा।

# पश्चिम एशिया के लिए एयर इंडिया की बड़ी पहल 58 उड़ानें होंगी संचालित

एजेंसी ▶▶| मुंबई

विमानन कंपनी एयर इंडिया और उसकी कम लागत वाली अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस बुधवार को पश्चिम एशिया के लिए कुल 58 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालन करेंगी। क्षेत्र में अमेरिका, इजराइल और ईरान से जुड़े बढ़ते संघर्ष के बीच विमानन कंपनियां सेवाओं का संचालन सावधानीपूर्वक कर रही हैं, क्योंकि कई क्षेत्रों के हवाई मार्ग प्रतिबंधित हैं और कुछ मार्ग बंद भी किए गए हैं। एयर इंडिया ने कहा कि दोनों कंपनियां 11 मार्च को जेद्दा और मस्कट से आने-जाने वाली अपनी-अपनी निर्धारित सेवाएं जारी रखेंगी। आठ उड़ानों का संचालन करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट से आने-जाने वाली 14 निर्धारित उड़ानों का संचालन करेगी।

# ट्रंप का बड़ा ऐलान, रिलायंस टेक्सास में खोलेगी 300 बिलियन डॉलर की तेल रिफाइनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत की रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक्सास में स्थापित की जा रही एक नई तेल रिफाइनरी में निवेश करेगी। उन्होंने इस समझौते के लिए कंपनी और 'भारत में हमारे साझेदारों' का आभार व्यक्त किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच पर एक संदेश में इसे 300 अरब अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक समझौता बताते हुए कहा कि यह परियोजना उनके प्रशासन के 'अमेरिका फर्स्ट एजेंडा' के कारण संभव हो रही है।

# एफएसीटी को मिल सकता है 'मिनी रत्न' का दर्जा

**कोच्चि।** आजादी से पहले गठित देश की प्रमुख उर्वरक आपूर्तिकर्ता कंपनी उर्वरक और रसायन त्रावणकोर (एफएसीटी) को जल्द 'मिनी रत्न' का दर्जा मिल सकता है। 66 साल पहले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी (सीपीएसयू) बनी एफएसीटी को 'मिनी रत्न' का दर्जा मिलने में सिर्फ 'प्रक्रियात्मक जरूरतें' बाकी रह गई हैं।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD**
(A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB) (A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (CIN - U40108CT2003SGC015820)
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail :ceciviltrans.raipur@cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146 Website : www.cspc.co.in

No.-04-01/Trans./Works/5433 Raipur, dtd. 10.03.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-

**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/148, Rfx No.-8100050051,** Providing services of 02 No. Computer Operator (High Skilled Labour), 04 No. Semi- skilled Labour & 01 No. Peon (Un-Skilled Labour) for one year for the O/o E.E. (Civil) Dn. CSPTCL, Raigarh.; **NIT Value:-** Rs. 14.72 Lakhs **EMD:-**Rs. 14,800/, **Completion Period:-** 12 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01 is Rs.2000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 17.03.2026 for Sl. No.- 01.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.

(Sanjay Tiwari)
Chief Engineer (Civil)
CSPTCL, Raipur

SAVE ELECTRICITY

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
**जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक- 8, मोहबा बाजार रायपुर**

क्रमांक 82/न.पा.नि./ जोन क्र.-08 /2026 रायपुर, दिनांक 11/03/2026

**-: रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (द्वितीय सूचना) :--**

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक-08 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों/ व्यवसायिक परिसरों / औद्योगिक उपक्रमों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु अनुमोदित डिजाईन, ड्राईंग एवं स्वीकृत दर अनुसार निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत अशासकीय संगठनों (एन.जी.ओ.) स्व-सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियों, बेरोजगार इंजीनियर्स (सिविल), इच्छुक फर्म, निगम में रजिस्टर्ड जियो हाईड्रोलॉजिस्ट, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से रूचि की अभिव्यक्ति मैनुअल पद्धति से दिनांक 25/03/2026 को शाम 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/ पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है एवं राशि रू. 1000.00 का (Non Refundable) डिमांड ड्राफ्ट आवेदन/प्रस्ताव के साथ राशि रु. 46,500.00 का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम पर देय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, रेनवाटर हार्वेस्टिंग के प्राक्कलन तथा दरों से संबंधित विस्तृत जानकारी जोन क्रमांक-08 नगर पालिक निगम रायपुर कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-08
नगर पालिक निगम, रायपुर

**छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**धमतरी वनमंडल धमतरी**

**-: काष्ठागार धमतरी का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विज्ञापन :-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि धमतरी वनमंडल धमतरी के अन्तर्गत धमतरी काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ, जलाऊ एवं बल्ली का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/वन काष्ठागार धमतरी से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांक :- 16 मार्च 2026,**
**नीलाम समय :- प्रातः 9.00 बजे से**

**नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ खूंटा नग में | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ खूंटा नग में | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ खूंटा नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| सागौन | 80.487 | 4318 | 102.767 | 3880 | 183.254 | 8198 |
| साल | 13.711 | 02 | 28.289 | - | 42.000 | 2 |
| बीजा | 17.948 | - | 10.608 | - | 28.556 | - |
| शीशम | - | - | 1.247 | - | 1.247 | - |
| हल्दू/मुण्डी | 1.122 | 13 | 16.644 | - | 17.766 | 13 |
| साजा | 12.185 | 07 | 32.145 | 11 | 44.330 | 18 |
| धावड़ा | 2.382 | - | 19.139 | - | 21521 | - |
| पापड़ा | - | - | 2.102 | - | 2.102 | - |
| नीलगिरी | - | - | - | 95 | - | 95 |
| अन्य | 49.737 | 769 | 62.985 | - | 112.722 | 769 |
| **योग:-** | **177.572** | **5109** | **275.926** | **3986** | **453.498** | **9095** |

**जलाऊ**

| प्रजाति | काष्ठागार धमतरी |
|---|---|
| | नया |
| सागौन जलाऊ | 30 चट्टा |
| अन्य | 98 चट्टा |
| **योग:-** | **128 चट्टा** |

टीप:- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ई- कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट मे अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

**फोन - 07722-238371,**
**फैक्स - 07722-236137**

वनमण्डलाधिकारी
धमतरी वनमण्डल, धमतरी

G-252607120/3

**छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त-दुर्ग**

**प्रथम निविदा आमंत्रण**
**विज्ञापन क्र. 10**

अटल विहार योजनांतर्गत ग्राम-सिवनी, जिला-बालोद में (फेस-II) अंतर्गत 26 नग जुनि. एम.आई.जी. भवनों बाऊण्ड्रीवॉल सहित (ग्रुप- 3) का निर्माण कार्य हेतु प्रपत्र- 'फ' में राशि रू. 371.29 लाख की ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत 'ब' वर्ग एवं ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी कार्यपालन अभियंता संभाग- धमतरी के मो.नं. 94064-40772 पर सम्पर्क करें।

"सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग.गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास"

S-47165/1 उपायुक्त

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अनुविभाग- तिल्दा-नेवरा, जिला- रायपुर (छ.ग.)**

**// विज्ञापन //**

**क्रमांक/ 206/ वा.3/ अवि.अ./ खाद्य /2026**
**अनुविभाग, तिल्दा-नेवरा, दिनांक 10/03/2026**

सर्व साधारण आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुविभाग तिल्दा- नेवरा, में संचालित मे शा.उ. मूल्य दुकानों की संचालन एजेंसी परिवर्तन किये जाने के फलस्वरुप लोक सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की खण्ड 09 के प्रावधान अनुसार निम्नलिखित शा.उ.मू. दुकान आबंटित करने हेतु इच्छुक सहकारी सोसाईटियों/ महिला स्व-सहायता समूह/ ग्राम पंचायत विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस तक कार्यालयीन समयावधि में अपना आवेदन पत्र का विहित प्रारुप (परिशिष्ट- 1) समूह/ समिति को प्रस्ताव, पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक बचत खाता की छायाप्रति, ग्रेडिंग एवं अन्य सम्यक दस्तावेज सहित आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) तिल्दा-नेवरा में जमा कर सकते है। नवीन संचालक की नियुक्ति हेतु विज्ञापित शा.उ.मू. दुकानों का विवरण इस प्रकार है :-

| क्रमांक | ग्राम पंचायत का नाम | शा.उ.मू. दुकान क्रमांक |
|---|---|---|
| 1 | पचरी | 442004037 |

निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तिल्दा - नेवरा
जिला- रायपुर (छ.ग.)

G-252607133/2

**DISTRICT PROJECT LIVELIHOOD COLLEGE SOCIETY**
**DANTEWADA DISTT. DANTEWADA (C.G.)**
Dantewada-Geedam Road, Karli, Dantewada, 494441
Email:dplcdantewada@gmail.com Contact No:- 9589573465

Res No./1251/DPLCS/RFP/2025-26 Dantewada Date 10/03/2026

**Second Request for Proposal (RFP)**

**Subject:** Request for Proposal (RFP) for Selection of Curator / Specialized Architect / Technical Consultant for Planning, Designing, DPR Preparation and Supervision of Tribal Museum at Dantewada, Chhattisgarh

Issue Date: 10.03.2026

The District Project Livelihood College Society, Dantewada, under the administrative control of the Dantewada District Administration, invites sealed proposals from eligible and experienced Curators / Specialized Architects / Technical Consultants / Architect Firms / Joint Ventures for providing comprehensive consultancy services for planning, designing, DPR preparation, and supervision of the proposed Tribal Museum at Dantewada, Chhattisgarh. The project aims to develop the Tribal Museum with a culturally emblematic design reflecting the rich tribal heritage of Bastar.

**Project Cost:** The tentative project cost is approximately 1 Crores. Consultancy shall be on a lump sum basis and shall remain fixed irrespective of variation in project cost.

**Tender Submission Details:** Last Last Date for Submission: 20/03/2026 till 4:00 PM Opening Date: 23/03/2026 during office hours

The detailed RFP document can be downloaded from: https://dantewada.nic.in/en

Eligible applicants must submit their proposals in three envelope system (Pre-qualification, Technical, and Financial) to: District Project Livelihood College, Karli, Geedam Block, Dantewada, Chhattisgarh

**Principal**
**District Project Livelihood College Society**
**Livelihood College Campus, Karli**
**Block Geedam, District Dantewada**
**Chhattisgarh-494441**

S-47161/1

SHIVA EMBROCATION OIL
**शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल**
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोंपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ऑस्ट्रेलिया की शरण में दो ईरानी महिला फुटबॉलर

**वेलिंगटन।** ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो और सदस्यों को ऑस्ट्रेलिया में शरण दी गई है। देश के गृह मंत्री टोनी बर्क ने यह जानकारी दी। यह टीम ईरान में युद्ध शुरू होने से पहले एक टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया आई थी। बर्क ने कैनबरा में बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने पांच खिलाड़ियों को पहले शरण दी थी और अब दो अन्य खिलाड़ियों को शरण दी गई है। दोनों ने उनकी टीम के अन्य सदस्यों को हवाई अड्डा ले जाने से पहले ही शरण मांगी थी। ईरान युद्ध शुरू होने से ठीक पहले पिछले महीने एएफसी महिला एशियाई कप में भाग लेने के लिए ईरानी टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंची थी।

### पाकिस्तान की राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से हटे बाबर

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने 26 मार्च से शुरू होने वाली पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से पहले अपनी बल्लेबाजी की



तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। टी20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला की टीम से बाहर किए गए बाबर का नाम पेशावर में चल रही राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप के लिए लाहौर व्हाइट्स टीम में शामिल किया गया था। अब यह बात सामने आई है कि वह घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय अपनी बल्लेबाजी पर कुछ कोच के साथ काम कर रहे हैं।

## ईशान किशन और सैमसन ने लगाई लंबी छलांग, अभिषेक शीर्ष पर बरकरार

# आईसीसी टी20 रैंकिंग में टीम इंडिया के बल्लेबाजों का एक बार फिर जलवा

> आईसीसी की ओर से टी20 विश्व कप के बाद नई रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें कई सारे उलटफेर और बदलाव हैं। हालांकि भारतीय बल्लेबाज छाए हुए हैं।

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से रैंकिंग जारी कर दी है। टी20 विश्व कप के बाद ये पहली रैंकिंग है। इस बीच टीम इंडिया के बल्लेबाजों का जलवा फिर से देखने के लिए मिल रहा है। ईशान किशन ने लंबी छलांग लगाते हुए दूसरे नंबर की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है। अब अभिषेक शर्मा की पहले नंबर की कुर्सी पर खतरा खड़ा हो गया है। संजू सैमसन भी अपने शानदार खेल की बदौलत उड़ान भरने में कामयाब रहे हैं। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा को हल्का सा नुकसान हुआ है।

### अभिषेक नंबर एक बल्लेबाज

टी20 विश्व कप के बाद आईसीसी ने नई टी20 की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें अभिषेक शर्मा अभी भी नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। हालांकि उनकी कुर्सी पर खतरा आ गया है, क्योंकि पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच अब ज्यादा गैप नहीं है। अभिषेक शर्मा की रेटिंग 875 की है। इसके बाद दूसरे नंबर पर ईशान किशन हैं। उन्होंने इस बार दो स्थानों की छलांग मारी है। उनकी रेटिंग 871 की हो गई है। यानी पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच केवल चार अंकों का ही फासला है।



### संजू ने 18 स्थानों की मारी छलांग

इस बीच संजू सैमसन का भी जिक्र किया जाना जरूरी है। इस बार उन्होंने एक साथ 18 स्थानों की छलांग मारी है और वे सीधे 22 नंबर पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं। टी20 विश्व कप 2026 के आखिरी के तीनों मैचों में संजू ने 80 से अधिक रन बनाए थे। इसका फायदा उन्हें रैंकिंग में भी मिलता हुआ नजर आ रहा है।





### बुमराह और अक्षर को फायदा

विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद जिन अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है उनमें आदिल रशीद (एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर), जसप्रीत बुमराह (एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर) और अक्षर पटेल (छह पायदान ऊपर 17वें स्थान पर) शामिल हैं।

### वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हटे

टी20 विश्व कप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान से हट गए हैं और उनकी जगह अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

### टिम सिफर्ट को जबरदस्त फायदा



पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान अब एक स्थान के नुकसान के साथ तीसरे नंबर पर चले गए हैं। उनकी रेटिंग अभी 848 की है। इंग्लैंड के फिल साल्ट को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे 792 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर हैं। श्रीलंका के पथुम निसंका पहले की ही तरह नंबर पांच पर हैं। न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को इस बार जबरदस्त फायदा हुआ है। वे चार स्थानों की छलांग लगाकर सीधे नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग 749 की हो गई है। भारत के तिलक वर्मा को भी इस बार एक स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब नंबर 7 पर चले गए हैं। साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नंबर आठ पर हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी दो स्थानों का नुकसान उठाना पड़ा है। वे नौवें नंबर पर खिसक गए हैं।

# सिनर की क्वार्टर फाइनल में एंट्री, फोंसेका को हराया

इंडियन वेल्स ओपन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया के नंबर 2 खिलाड़ी यानिक सिनर ने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टर-फाइनल में जगह बना ली है। 24 साल के सिनर ने दो कड़े टाई-ब्रेक में अपना धैर्य बनाए रखा और 19 साल के फोंसेका को 7-6 (6), 7-6 (4) से हराया। इस जीत के साथ, सिनर ने 2024 की शुरुआत से खेले गए 12 एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में से 11 के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। सिनर की यह 97वीं मास्टर्स 1000 मैच जीत भी थी। इस जीत के साथ ही वह उस लेवल पर किसी इटैलियन खिलाड़ी की ओर से सबसे ज्यादा जीत के मामले में अपने साथी इटैलियन फैबियो फोगनिनी से आगे निकल गए।

### सिनर ने टाई-ब्रेक में दिखाया जबरदस्त संयम

सिनर ने शुरुआती सेट के टाई-ब्रेक में जबरदस्त संयम दिखाया और तीन सेट पॉइंट बचाए और फिर मोमेंटम को अपने पक्ष में कर लिया। हालांकि बाद में उन्होंने दूसरे सेट में 5-2 से आगे होने के बाद मैच सर्व करने का मौका गंवा दिया, लेकिन इटैलियन खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक के अहम पलों में फिर से अपना सबसे अच्छा टेनिस खेला और जीत पक्की कर ली। सिनर ने 4-2 की बढ़त बनाने के बाद दूसरे सेट में आसान रास्ता तय किया। लेकिन फोंसेका ने जोरदार वापसी की, जब सिनर ने 5-3 पर मैच के लिए सर्व किया तो इटैलियन खिलाड़ी को लव पर ब्रेक किया।




### विश्व कप फुटबॉल में भाग लेगा ईरान : फीफा

**मियामी।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ईरान की राष्ट्रीय टीम को अमेरिका आने और लगभग तीन महीने में शुरू होने वाले विश्व कप में खेलने की अनुमति दी जाएगी, भले ही दोनों देशों के बीच युद्ध जारी हो। ईरान की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने सभी मैच अमेरिका में खेलेगी।

# आईसीसी ने टीम इंडिया पर की धन की वर्षा

एजेंसी ▶▶ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पुरुषों का टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद बुधवार को खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो रिकॉर्ड 1.125 करोड़ अमेरिकी डॉलर है, जिसमें घरेलू मैदान पर चैंपियन बनी भारतीय टीम को सबसे बड़ा हिस्सा 2,639,423 डॉलर (लगभग 25 करोड़ रुपए) मिला। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता



न्यूजीलैंड को 14,22,692 अमेरिकी डॉलर (लगभग 13 करोड़ रुपए) मिले जबकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड को क्रमशः लगभग 9.24 करोड़ रुपए और 8.96 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। अन्य शीर्ष टीमों में वेस्टइंडीज को 5,38,269 अमेरिकी डॉलर मिले जबकि अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलने वाली पाकिस्तान टीम को 5,22,692 अमेरिकी डॉलर मिले। जिम्बाब्वे को 4,91,538 अमेरिकी डॉलर और श्रीलंका को 4,75,962 अमेरिकी डॉलर दिए गए।

### सुपर-8 से बाहर हुई टीमें हुई मालामाल

सुपर आठ चरण में बाहर हुई अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका की टीमों को प्रत्येक 3,09,808 अमेरिकी डॉलर मिले। स्कॉटलैंड को 2,78,654 अमेरिकी डॉलर और आयरलैंड को 2,71,731 अमेरिकी डॉलर जबकि चार अन्य टीम इटली, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल प्रत्येक 2,56,154 अमेरिकी डॉलर दिए गए। कनाडा, नामीबिया और ओमान प्रत्येक को 2,25,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गई।



*Terms and Conditions applied *Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of the standard equipment.
**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in
होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा – 9785823333, ग्रैंड होंडा – 0771–4033794, वरूण होंडा – 0771–4005901, जी.के. होंडा – 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा – 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788–4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) – 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) – 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) – 0788–4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) – 0788–4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) – 0788–4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा – 07744–223100, मनराज होंडा – 07744–223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा – 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा – 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)– 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा – 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा– 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा – 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा– 07722–233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा – 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा– 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा – 9644059600, 8720008800, 7970005301 For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com Embassy




# दुनिया का सबसे बड़ा मैटरनिटी वार्ड! 41 हजार गर्भवतियों का लगा जमावड़ा

**न्यूयार्क।** प्रकृति ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है। अमेजन के दूर-दराज इलाकों में, जहां इंसानी पहुंच मुश्किल है, वहां दुनिया का सबसे बड़ा 'मैटरनिटी वार्ड' खोजा गया है। ये किसी इंसान का नहीं, बल्कि कछुओं का मैटरनिटी वार्ड है। ब्राजील और बोलिविया की सीमा पर बहने वाली गुआपोरे नदी के विशाल रेतले किनारे पर 41,000 से अधिक गर्भवती विशाल दक्षिण अमेरिकी नदी कछुओं का जमावड़ा लगा हुआ है। यह खोज 2025 में यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरिडा और वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी के वैज्ञानिकों द्वारा की गई, जिसे हाल ही में 2026 में भी प्रमुखता से चर्चा में लाया गया है।

## अंडे देने का इंतजार

यह प्रजाति दुनिया की सबसे बड़ी मीठे पानी की कछुआ प्रजातियों में से एक है। मादा कछुए 90 सेंटीमीटर तक लंबी और 80 किलोग्राम तक भारी हो सकती है। ये बेहद सामाजिक प्राणी है और हर साल जुलाई या अगस्त में इस रेतली पट्टी पर इकट्ठा होकर अंडे देती है। पहले पारंपरिक तरीके से जमीन पर गिनती करने पर सिर्फ 16,000 कछुए दिखते थे, लेकिन ड्रोन से हवाई सर्वे और सांख्यिकीय मॉडलिंग से सटीक अनुमान 41,000 निकला है। वैज्ञानिकों ने 1,000 से ज्यादा कछुओं की पीठ पर सफेद पेंट से निशान लगाए। फिर 12 दिनों तक ड्रोन उड़ाकर उनकी गिनती की और मूवमेंट को ट्रैक किया। इस विधि से डबल काउंटिंग और छूटने वाली संख्या को सुधारा गया।

## विलुप्त होने की कगार पर है कछुए की ये प्रजाति



## खतरे में प्रजाति

यह अध्ययन जर्नल ऑफ एप्लाइड इकोलॉजी में प्रकाशित हुआ। ये कछुए हर साल इस जगह पर आते हैं, क्योंकि रेतली पट्टी अंडे देने के लिए आदर्श है। एक मादा कई अंडे देती है और अनुमान है कि यहां से लाखों बच्चे निकलते हैं। लेकिन, ज्यादातर शिकारियों जैसे पक्षी, केकड़े, मछलियां और इंसानी शिकार से बच नहीं पाते। प्रजाति आईयूसीएन रेड लिस्ट में 'एंडेंजर्ड' है। मुख्य खतरे हैं अवैध शिकार (मांस और अंडों के लिए), निवास स्थान का विनाश, बांध, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से रेतले किनारों का बदलना। यह खोज संरक्षण के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है। पहले गलत गिनती से संरक्षण योजनाएं प्रभावित होती थी। अब सटीक डेटा से डब्ल्यूसीएस जैसी संस्थाएं संसाधन सही जगह लगाकर प्रजाति को बचा सकती है।

कुदरत का अजीब करिश्मा

# आधा जीवन 4 पैरों पर, फिर अचानक दो पैरों पर दौड़ने लगता था यह जीव

वॉशिंगटन। विज्ञान की दुनिया में अक्सर ऐसे खुलासे होते हैं जो न सिर्फ हमारी पुरानी समझ को पूरी तरह से बदल देते हैं, बल्कि हैरान कर देते हैं। क्या आप यह सोच सकते हैं कि एक जीव मगरमच्छ की तरह पैदा हो और जवानी आते-आते किसी इंसान या डायनासोर की तरह दो पैरों पर दौड़ने लगे? सुनने में भले ही यह अजीब लगे, लेकिन वैज्ञानिकों ने 21.6 करोड़ साल पुराने एक ऐसे अजीब रहस्य से पर्दा उठा दिया है। अमेरिका के एरिजोना के जंगलों में मिले इन फॉसिल यानी जीवाश्मों ने रिसर्चर्स को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि जिसे अभी तक डायनासोर समझ रहे थे वह असल में आज के मगरमच्छों का एक चालाक और फुर्तीला पूर्वज था।

## बचपन 4 पैरों पर - जवानी 2 पैरों पर

ज्यादातर जीव जीवनभर एक ही तरह से चलते हैं, लेकिन सोंसेलासुचस के साथ ऐसा बिलकुल नहीं था। रिसर्च के चीफ राइटर इलियट आर्मर स्मिथ के मुताबिक जब ये छोटे होते थे तो इनके चारों पैर एक ही लंबाई के होते थे और ये मगरमच्छों की तरह ही पैरों पर चलते थे। लेकिन, जैसे-जैसे इनकी उम्र बढ़ती थी और ये बड़े होते थे इनके पीछे के पैर ज्यादा लंबे हो जाते थे। और फिर ये पूरी तरह से दो पैरों पर खड़े होकर चलने लगते थे।रिसर्चर्स ने इसे डिफरेंशियल ग्रोथ पैटर्न बताया है। लगभग 25 इंच ऊंचे इस जीव को देखकर कोई भी इसे छोटा डायनासोर समझने की गलती कर सकता था।



## क्या है सोंसेलासुचस की कहानी?

यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के रिसर्चर्स ने इस प्राचीन जीव को सोंसेलासुचस नाम दिया है। यह आज से करीब 21.6 करोड़ साल पहले धरती पर मौजूद था। इस जीव की सबसे हैरान करने वाली बात इसकी शरीर की बनावट है।

## डायनासोर नहीं, लेकिन खूबियां वैसी

लेकिन, यह जीव शुवोसॉरिड समूह का हिस्सा है जो मगरमच्छों के वंश का है। लेकिन, इसमें कई खूबियां डायनासोर जैसी थीं। इस जीव में खोखली हड्डियां थीं जो इसे हल्का और तेज बनाती थीं। बिना दांतों वाली चोंच इस जीव में थी, जो आधुनिक पक्षियों या कुछ डायनासोर जैसा गुण है। इस जीव की आंखें बड़ी थी, जिससे यह शिकार को आसानी से देख सकता था। प्रोफेसर क्रिश्चियन सिडोर के मुताबिक 2014 से अब तक इस इलाके से 3,000 से ज्यादा जीवाश्म मिल चुके हैं। यह खोज बताती है कि प्राचीन मगरमच्छ आज के सुस्त दिखने वाले जीवों के मुकाबले कहीं ज्यादा 'स्मार्ट' थे।

# पेट में थैली वाला यह अनोखा जीव 6000 साल बाद फिर दिखा

**नई दिल्ली।** वैज्ञानिकों ने इंडोनेशियाई पापुआ के वर्षावनों में 'टूस' नामक एक अत्यंत दुर्लभ जीनस की खोज की है। यह एक छोटा ग्लाइडिंग पॉसम है



जिसे 6,000 साल पहले विलुप्त मान लिया गया था। लाजरस प्रजाति का यह जीव गिलहरी जैसा दिखता है, लेकिन कंगारू की तरह अपने बच्चों को पेट की थैली में पालता है। हवा में तैरने की क्षमता और बड़ी आंखों वाला यह निशाचर जीव अब गंभीर खतरों का सामना कर रहा है।

वैज्ञानिकों ने इसे लाजरस प्रजाति घोषित किया है। यह शब्द उन जीवों के लिए इस्तेमाल होता है जो इतिहास के पन्नों से गायब हो जाते हैं और सदियों बाद अचानक जीवित मिल जाते हैं। यह जीव एक ग्लाइडिंग पॉसम है जो अपनी शारीरिक बनावट और व्यवहार में बेहद अनोखा है।

## टूस की 5 सबसे खासियत

**कंगारू जैसी जादुई थैली:** यह एक 'मार्सुपियल'जीव है जिसका अर्थ है कि यह अपने नन्हे बच्चों को जन्म देने के बाद पेट पर बनी एक विशेष थैली में सुरक्षित रखता है।

**हवा में लंबी छलांग :** इसके पास कुदरती पैराशूट जैसी एक झिल्ली होती है। यह ऊंचे पेड़ों से छलांग लगाकर हवा में तैरते हुए काफी दूर तक जा सकता है।

**पकड़ने वाली मजबूत पूंछ:** इसकी पूंछ का निचला हिस्सा बिना बालों का होता है जो इसे पेड़ की टहनियों को किसी हाथ की तरह मजबूती से पकड़ने की ताकत देता है।

**निशाचर रक्षक:** इसकी बड़ी और चमकदार आंखें इसे रात के घने अंधेरे में भी रास्ता दिखाने और शिकार ढूंढने में मदद करती हैं।

**दुर्लभ प्रजनन:** यह प्रजाति बहुत संवेदनशील है क्योंकि यह साल भर में केवल एक ही बच्चे को जन्म देती है।

## इंडोनेशियाई पपुआ में यह प्रजाति मिली

कल्पना कीजिए एक ऐसे जीव की जो किसी गिलहरी की तरह पेड़ों पर दौड़ता है, लेकिन उसके पेट पर कंगारू जैसी एक जादुई थैली बनी हुई है। वह एक चूहे जैसा छोटा है, लेकिन हवा में सैकड़ों फीट लंबी छलांग लगाकर तैर सकता है। यह किसी हॉरर फिल्म का सीन नहीं, बल्कि विज्ञान की दुनिया का सबसे बड़ा सच है। भारत के समुद्री पड़ोसी देश इंडोनेशियाई पापुआ के वर्षावनों में एक ऐसा 'जिंदा भूत'मिला है जिसने वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। जिसे हम सिर्फ पत्थरों और जीवाश्मों में ढूंढ रहे थे, वह अपनी बड़ी-बड़ी आंखों से हमें हकीकत में देख रहा है। यह कहानी है 'टूस'की। एक ऐसा जीव जिसे 6,000 साल विलुप्त मान लिया गया था।

# मेक्सिको के समुद्र तट पर दिखी दुर्लभ प्रलय की मछली

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के काबो सैन लुकास समुद्र तट पर दुर्लभ ओअरफिश यानी 'प्रलय की मछली' दिखाई दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इसे



संभावित प्राकृतिक आपदा से जोड़कर चर्चा कर रहे हैं। मेक्सिको के समुद्र तट पर हाल ही में एक बेहद दुर्लभ गहरे समुद्र की मछली दिखाई दी, जिसे अक्सर 'प्रलय की मछली' कहा जाता है। इस मछली का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। कुछ लोग इसे आने वाली प्राकृतिक आपदा का संकेत मान रहे हैं, जबकि वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसा कोई पुख्ता प्रमाण नहीं है।

## दो बहनों ने देखी चमकती हुई चीज

यह घटना मेक्सिको के काबो सैन लुकास समुद्र तट की बताई जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दो बहनों ने समुद्र में दूर कुछ चमकती हुई चीज देखी। पास जाकर देखने पर उन्हें पता चला कि वह ओअरफिश हैं, जो बेहद दुर्लभ गहरे समुद्र में रहने वाली मछलियां होती हैं। इन मछलियों की खास बात यह है कि ये आमतौर पर समुद्र की करीब 3000 फीट गहराई में रहती हैं और बहुत कम ही सतह के पास दिखाई देती हैं।

नौकरी गई तो आईआईटीयन ने शुरू किया चाय का ठेला

# अब अमेरिका में 780 रुपए की चाय बेच रहा 'बिहारी चायवाला'



**नई दिल्ली।** बिहार के एक छोटे से कस्बे से निकलकर अमेरिका तक का सफर तय करने वाले प्रभाकर प्रसाद इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में हैं। लोग उन्हें 'बिहारी चायवाला' के नाम से जानते हैं। उनकी कहानी इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने जिंदगी की कई मुश्किलों का सामना करने के बाद अमेरिका में चाय बेचकर अपनी अलग पहचान बना ली। जनवरी में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें प्रभाकर प्रसाद लॉस एंजिलिस में करीब 8 डॉलर यानी लगभग 780 रुपए में चाय बेचते दिखाई दिए थे। इसके बाद उनकी कहानी इंटरनेट पर तेजी से फैल गई।

## बचपन में गरीबी और संघर्ष

प्रभाकर प्रसाद का जन्म बिहार के बरह नाम के छोटे कस्बे में हुआ, जो गंगा नदी के पास स्थित है। उन्होंने बताया कि बचपन में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी। उन्होंने कहा कि सर्दियों में उनके घर में कंबल खरीदने तक के पैसे नहीं होते थे, इसलिए वे और उनका परिवार गर्म रहने के लिए दाल की बोरियों के नीचे सोते थे।

## नौकरी छूटने के बाद शुरू किया चाय का कारोबार

फरवरी 2025 में टेक इंडस्ट्री में छंटनी के दौरान उनकी नौकरी चली गई। उसी समय उन्होंने सोचा कि जिंदगी में ऐसी कौन-सी चीज है जो हमेशा उनके साथ रही है। उन्होंने कहा कि चाय हमेशा उन्हें घर की याद दिलाती थी। इसी विचार से उन्होंने लॉस एंजिलिस में भारतीय स्टाइल की चाय बेचने का छोटा सा कारोबार शुरू किया। आज वे वहीं चाय बेच रहे हैं और सोशल मीडिया पर उनकी कहानी लोगों को खूब प्रेरित कर रही है। प्रभाकर कहते हैं, दाल की बोरियों के नीचे सोने से लेकर अमेरिका में चाय बेचने तक का सफर आसान नहीं था। मैं सीईओ नहीं बना, लेकिन 'चाय गाइ' बनकर मुझे सुकून मिल गया।

## अमेरिका जाने का फैसला

कुछ साल बाद उन्होंने अमेरिका जाने का फैसला किया, क्योंकि उनकी गर्लफ्रेंड वहां रहती थीं और दोनों लंबे समय से लंबी दूरी के रिश्ते में थे। उनका वीजा दो बार खारिज हो गया, लेकिन तीसरी कोशिश में वे 2014 में टेक्सास पहुंचे और वहां एमबीए किया। इसके बाद कई साल तक उन्होंने अलग-अलग शहरों में कॉरपोरेट नौकरियां कीं, लेकिन जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव भी आए, नौकरी से निकाला जाना।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com